





बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 05 अगस्त 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 190 | मूल्य - 5 रुपये














## उत्तरी केरल में भारी बारिश से 25 लोगों की मौत, आठ जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी..

**तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।** केरल में एक अगस्त से जारी मूसलाधार बारिश से संबंधित घटनाओं में 25 लोगों की मौत हो गयी जबकि चार लोग लापता बताये जा रहे और 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। राज्य सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने बताया कि भारी बारिश के कारण हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

सरकार के अनुसार, एक अगस्त से चार अगस्त के बीच 52 मकान पूरी तरह तबाह हो गए, जबकि 565 घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। सरकार ने बताया कि राज्य भर में बनाए गए 400 से अधिक राहत शिविरों में 18,000 से अधिक लोगों को ठहराया गया है।

राहत शिविरों में सबसे अधिक लोग पत्तनमथिट्टा (7,852), कोट्टायम (5,288) और अलाप्पुझा (2,651) जिलों से स्थानांतरित किए गए हैं, जहां कई इलाके अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि के दौरान राज्य में सामान्य से लगभग तीन गुना अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि एक से चार अगस्त के बीच केरल में सामान्य 73.2 मिलीमीटर (मिमी) के मुकाबले 205.8 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 181 प्रतिशत अधिक है।

केरल के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश के मद्देनजर भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के पत्तनमथिट्टा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्णाकुलम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

इसके अलावा, मौसम विभाग ने चार जिलों अलप्पुझा, त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम में 'ऑरेंज अलर्ट' तथा अन्य दो जिलों तिरुवनंतपुरम व कोल्लम में 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

इससे पहले, विभाग ने बताया कि मंगलवार को सुबह 5:30 बजे समाप्त हुए 21 घंटों के दौरान उत्तरी जिलों में सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई।

# मप्रः दतिया उप चुनाव में हार के बाद भाजपा ने मंथन कर दतिया जिला इकाई भंग की..

**भोपाल, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार के अगले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन किया और इसके चंद घंटे के बाद पार्टी की जिला इकाई को भंग कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास पर सुबह हुए मंथन के बाद हार की समीक्षा के लिए दो सदस्यीय समिति गठित की गई, जिसमें प्रदेश संगठन के महामंत्री गौरव***

रणदीवे और वरिष्ठ नेता अंबाराम कराड़ा शामिल हैं। देर शाम भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय के कार्यालय मंत्री श्याम महाजन की ओर से जारी एक बयान में जिला इकाई को भंग करने की घोषणा की गई। बयान में कहा गया, समिति की अनुशंसा पर भाजपा की दतिया जिला इकाई तत्काल प्रभाव से भंग की जाती है। इस कार्रवाई से पहले समिति ने चुनाव से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा कर चुनावी हार के कारणों का विश्लेषण किया और अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को सौंपी। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा के उम्मीदवार आशुतोष तिवारी को 6,016 मतों से पराजित किया है। सोमवार को मतगणना में घनश्याम सिंह को 66,757 मत मिले, जबकि तिवारी को 60,741 मत प्राप्त हुए। आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार दामोदर यादव 22,527 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भाजपा ने इस उपचुनाव में छह बार के विधायक नरोत्तम मिश्रा की जगह तिवारी को उम्मीदवार बनाया था। राज्य के प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं में शुमार मिश्रा को टिकट नहीं देने के भाजपा के फैसले के खिलाफ उनके गृह जिले दतिया में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ था। मिश्रा ने अपने दशकों लंबे राजनीतिक करियर में डबरा (ग्वालियर जिला) से तीन विधानसभा चुनाव और दतिया से इतने ही चुनाव जीते हैं।

राज्य के पूर्व गृह मंत्री मिश्रा के सैकड़ों समर्थकों ने 10-11 जुलाई को दतिया में एक महत्वपूर्ण राजमार्ग को 12 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध कर दिया था, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। इस दौरान उनकी पुलिस से झड़प हुई, जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक और कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मिश्रा को टिकट न मिलने के विरोध में दतिया के जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह समेत सभी पदाधिकारियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था लेकिन चुनावी प्रक्रिया जारी रहने के कारण पार्टी ने इस्तीफे स्वीकार नहीं किए थे।

### बैठक मे आशुतोष तिवारी ने भीतरघात के सबुत पार्टी नेताओ को सौंपे..

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में तिवारी ने उपचुनाव में कुछ पार्टी नेताओं की ओर से भीतरघात किये जाने की शिकायत की। सूत्रों के अनुसार तिवारी ने अपनी शिकायतों के साथ सबूत के रूप में कुछ वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपे।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र लोधी, तुलसी सिलावट, नरेन्द्र शिवाजी पटेल, दिलीप जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपचुनाव प्रभारी भरत कुशवाहा समेत संगठन से जुड़े कुछ अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। खंडेलवाल ने उपचुनाव परिणाम आने के बाद सोमवार को कहा था कि समीक्षा में अनुशासन को सर्वोपरि रखा जाएगा और उसके निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।






# एअर इंडिया का विमान हवा में अपनी निर्धारित ऊंचाई से अचानक नीचे आया, 17 लोग घायल..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का एक विमान मंगलवार सुबह वायुमंडलीय अस्थिरता (टर्बुलेंस) के कारण हवा में अपनी निर्धारित ऊंचाई से अचानक लगभग 300 फुट नीचे आ गया, जिससे उसमें सवार कम से कम 17 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने***

यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में चालक दल के कुछ सदस्य भी शामिल हैं, जिनमें से एक को गंभीर चोटें आई हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच कर रहा है। विस्तृत जांच के लिए विमान के फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) को सुरक्षित रख लिया गया है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''एअर इंडिया का ए-320 विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-ईएक्सओ), जो फुकेत-दिल्ली उड़ान संख्या एआई2379 का संचालन कर रहा था, उड़ान के दौरान अचानक लगभग 300 फुट नीचे आ गया। उन्होंने कहा, ''विमान के पायलट ने बताया कि विमान के लगभग 300 फुट नीचे आने के कारण चालक दल का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं।'' शाम करीब सात बजे जारी अद्यतन बयान में एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि विमान को उड़ान के 'क्रूज' चरण के दौरान अचानक ऊंचाई में गिरावट का सामना करना पड़ा। हालांकि, उन्होंने बताया कि इस क्षणिक घटना के बाद विमान ने सामान्य रूप से उड़ान जारी रखी और सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतर गया। प्रवक्ता ने कहा, ''एयरबस ए320 नियो विमान में 137 यात्री और चालक दल के आठ सदस्य सवार थे। इनमें 13 यात्री और चालक दल के चार सदस्य घायल हुए, जिन्हें चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।'' उन्होंने कहा, ''चार अगस्त को शाम 6:50 बजे तक पांच यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि अन्य घायल यात्रियों और चालक दल के सदस्य उपचार और देखभाल के लिए अस्पताल में भर्ती हैं।'' डीजीसीए के अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। एअर इंडिया ने कहा कि चालक दल के चार सदस्यों सहित कुल 17 लोग घायल हुए हैं, वहीं नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रात करीब आठ बजे जारी बयान में कहा कि आठ यात्रियों और चालक दल के चार सदस्यों को विस्तृत चिकित्सकीय जांच और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, ''अस्पताल में भर्ती सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की हालत स्थिर है तथा उन्हें समुचित चिकित्सा और देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। अन्य यात्रियों को भी आवश्यक सहायता और सहयोग प्रदान किया गया है।'







## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*












### मेरे साथ आतंकवादी जैसा बर्ताव हुआ - उदयनिधि

**तिरुचिरापल्ली, (भाषा)।** तमिलनाडु के पूर्व उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को पुलिस द्वारा रिहा किए जाने के बाद आरोप लगाया कि उनके साथ आतंकवादी जैसा व्यवहार किया गया। उन्होंने यहां कहा, ''तीन हजार पुलिसकर्मियों के साथ हमें चेन्नई से तंजावुर तक सड़क मार्ग से 400 किलोमीटर ले जाया गया। हमारे साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया।'' उदयनिधि को अभिनेता तृषा को लेकर ''द्विअर्थी'' टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार को चेन्नई स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बाद में तंजावुर ले जाया गया, जहां इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। उदयनिधि ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में आरोपों को ''झूठा'' बताया और कहा कि उन्होंने तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर ''एक ही अर्थ'' वाला बयान दिया था। उदयनिधि ने कहा, ''मेरे भाषण को काट-छांट कर और कुछ हिस्सों को जोड़कर यह दावा किया गया कि मैंने अनुचित बात कही है। कुछ लोगों ने मुझ पर 'द्विअर्थी' बात करने का आरोप लगाया है। मैंने केवल एक ही अर्थ में बात की थी कि किसानों को पानी की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''महिलाओं का अपमान करने का मेरा कोई इरादा नहीं है। तमिलनाडु की हर मां और बहन को मैं अपने परिवार का हिस्सा मानता हूं।'' उदयनिधि ने इस बात पर निराशा जताई कि कुछ सहयोगी राजनीतिक नेताओं ने भी उनके पूरे भाषण का संदर्भ जाने बिना उनकी आलोचना की।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


# 116 आवेदकों ने प्रस्तुत किए आवेदन, कलेक्टर कुमार सत्यम ने जन सुनवाई में किया आवेदकों का समाधान..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 04 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, श्री विजय यादव तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण***





के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 116 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे। जनसुनवाई में कटंगी विकासखंड के अंतर्गत बावनथडी गुरूकुल हायर सेकेण्डरी स्कूल बम्हनी की छात्राएँ शाला प्रबंधन समिति की सदस्य के साथ स्कूल की बुनियादी सुविधाओं के संबंध में शिकायत लेकर आयी थी। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने छात्राओ के कक्षा छोडकर जनसुनवाई में आने को लेकर नाराजगी जताई और उन्होंने छात्राओ को वापस स्कूल जाने कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन को निर्देशित किया कि शाला के समय में छात्राओ को जनसुनवाई में भेजने वाले विद्यालय के प्राचार्य का 02 दिन का वेतन काटने की कार्यवाही करे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को छात्राओ द्वारा बतायी गई समस्याओ का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये और यह भी सुनिश्चित करने कहा कि शाला के समय में कोई भी छात्र छात्राएँ जोखिम उठाकर जनसुनवाई आदि में न आए। यदि ऐसी स्थिति निर्मित होगी तो संबंधित संस्था के प्राचार्य एवं प्रधानपाठक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई में किरनापुर तहसील की निवासी फुलकन्या सारंगपुरे अपनी पारिवारिक पेंशन 8 माह से बंद होने की शिकायत लेकर आयी थी। उसका कहना था कि उसकी पेंशन उसके एसबीआई किरनापुर शाखा स्थित खाते में नहीं आ रही है, जिससे आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। फुलकन्या ने बताया कि इस संबंध में शिकायत के बावजूद भी बैंक द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। अतः फुलकन्या की पेंशन पुनः बहाल करायी जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। जिले के खेलकूद प्रशिक्षण शिक्षक अतिथि शिक्षक वर्ग-03 में सत्र 2026-27 के लिए च्वाइस फिलिंग शुरू करने की मांग लेकर आये थे। शिक्षकों का कहना था कि विषय शिक्षकों की तरह उन्हें भी च्वाइस फिलिंग का अवसर दिया जाना चाहिए। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गए।

तिरोड़ी तहसील के निवासी जाकिर हुसैन प्रधानमंत्री आवास योजना की 23 हजार रुपए की बकाया राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसने अपना मकान निर्माण कर लिया है, किंतु उसे योजना के तहत 23 हजार रुपए की राशि कम प्राप्त हुई है। इस संबंध में शिकायत करने पर संबंधित विभाग वर्क कोड जनरेट नहीं होने का हवाला देकर भुगतान टाल रहा है। अतः शीघ्र 23 हजार रुपए की बकाया राशि का भुगतान किया जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ कटंगी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट तहसील के वार्ड नं.05 लहरी नगर के किशोर मेश्राम पिछले एक माह से नलजल योजना के तहत लगाये गए नल से पानी नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। किशोर का कहना था कि उसने प्रधानमंत्री नलजल योजना के तहत घर में नल कनेक्शन लगाया है, किंतु पिछले एक माह से उसे नल से पानी नही मिल पा रहा है, जिससे घर के लोगो को पानी की समस्या का सामना करना पड रहा है। अतः शीघ्र नल से पानी न मिल पाने की समस्या का समाधान किया जाए। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

किरनापुर तहसील के ग्राम रजेगांव निवासी कैलाश कारे जर्जर मकान को गिराने की मांग लेकर आये थे। कैलाश का कहना है कि संयुक्त स्वामित्व वाले पुराने मकान की हालत बेहद खराब है, लेकिन उनके भाई प्रताप कारे उसे गिराने नहीं दे रहे हैं। कैलाश ने बताया कि मकान कभी भी गिर सकता है, जिससे जन-धन की हानि होने की आशंका है। उन्होंने संभावित दुर्घटना की जिम्मेदारी अपने भाई पर बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में एसडीएम किरनापुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम भाण्डामुर्री के मनोज कटरे पुलिया निर्माण कार्य में लगी मिक्चेर मशीन का भुगतान ना किये जाने की शिकायत लेकर आये थे। मनोज का कहना था कि उसने वर्ष 2023-24 में भाण्डामुर्री में पुलिया निर्माण कार्य में अपनी मिक्चेर मशीन लगाया था। जिसका भुगतान उसे अब तक नही किया गया है। उसका कहना है कि निर्माण का भुगतान सरपंच व प्रभारी सचिव ने बिल लगाकर प्राप्त कर लिया है किंतु उसे उसकी मशीन की राशि प्राप्त नही हुई है।

इस प्रकरण में जनपद सीईओ लालबर्रा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम दिघोरी की निवासी जीवनकला दमाहे प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोडे जाने की मांग लेकर आयी थी। उसका कहना था कि उसका मकान पूर्णतः जीर्णशीर्ण हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। जीवनकला ने बताया कि वह गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली महिला है जिसके दो बच्चे है और वह मजदूरी कर अपने बच्चो का पालन पोषण करती है। अतः जीवनकला का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम दर्ज कराया जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत धनसुआ के पंच भागवत प्रसाद आखरदान मैदान में बाजार लगाने के प्रस्ताव पर मंजूरी देने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था आखरदान मैदान में बाजार लगाने के लिए पंचायत के सभी पंचों की सहमति से प्रस्ताव पारित होने के बावजूद ग्राम पंचायत सचिव उसे आगे नहीं बढ़ा रहे हैं। इससे बाजार शुरू करने की प्रक्रिया अटकी हुई है और ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। अतः शीघ्र प्रस्ताव पारित किया जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बैहर तहसील के जनजातीय बाहुल्य ग्राम हट्टा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला संजारी के विद्यार्थियों के पालकगण विद्यालय में पदस्थ शिक्षक के स्थानांतरण की मांग लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला संजारी में पदस्थ शिक्षक श्री बखरू सिंह धुर्वे अध्यापन कार्य करने में सक्षम नही है। शिक्षक की तबियत आये दिन खराब रहती है, उन्हें विद्यालय में नींद लग जाती है जिसके कारण वे ठीक से अध्यापन कार्य नही करा पा रहे है। इससे बच्चो को अध्ययन करने में कठिनाईयो का सामना करना पड रहा है। अतः शिक्षक बखरू सिंह धुर्वे की जगह अन्य शिक्षक को पदस्थ किया जाए। इस प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया के बीएससी फाइनल के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र छात्राएँ वर्ष 2023-24 की छात्रवृत्ति नही मिलने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि उन्हे प्रतिवर्ष कॉलेज से छात्रवृत्ति का मिलने का प्रावधान है, किंतु उन्हें वर्ष 2023-24 की छात्रवृत्ति अब तक प्राप्त नही हुई है, जिसकी वजह से उन्हें कॉलेज फीस जमा करने में परेशानियो का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कॉलेज प्रबंधन से संपर्क किया गया किंतु कोई कार्यवाही नही की गई तथा सीएम हेल्पलाइन लगाने पर कॉलेज द्वारा शिकायत वापस लेने का दबाव डाला जाता है। अतः छात्र छात्राओ ने शासन से शीघ्र छात्रवृत्ति प्रदाय किये जाने की मांग की है। इस प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

# 15 अगस्त को धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाने कलेक्टर कुमार सत्यम ने ली बैठक

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिले में हर्षोल्लास के साथ धमूधाम से मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए कलेक्टर श्री कुमार सत्यम***



ने 04 अगस्त को अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री विजय यादव, श्री एमआर कोल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिला मुख्यालय बालाघाट में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के सभी कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड बालाघाट में होंगे। सभी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज के फहराने का समय 7 से 8 के बीच होगा। तहसीलदार को निर्देश दिया गया कि पुलिस परेड ग्राउंड के कार्यक्रम में अतिथियों की समुचित बैठक व्यवस्था व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें घर से लाने और वापस ले जाने की जिम्मेदारी दी गई। मुख्य समारोह में माइक और साउंड बॉक्स की व्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी के जिम्मे रहेगी। मुख्य समारोह के लिए वाटरप्रूफ पंडाल की देखरेख सीएमओ को सौंप गई है। विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अधिकारी एमपीईबी देखेंगे।

बैठक में तय किया गया कि मुख्य समारोह में होने वाली परेड की रिहर्सल 06 अगस्त से प्रारंभ कर 12 अगस्त तक होगी।एंबुलेंस, हैंड सेनीटाइजर की समुचित व्यवस्था सीएमएचओ करेंगे। बैठक में तय किया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक के झंडे का उपयोग नहीं करेगा और न ही विक्रय करेगा। तिरंगा झंडा कपड़े का ही उपयोग किया जायेगा और वह भी निर्धारित लंबाई व चौड़ाई का होना चाहिए। प्लास्टिक के तिरंगे झंडे विक्रय करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन सहित सभी शासकीय कार्यालयों व भवनों तथा सार्वजनिक स्थलों व भवनों पर 14 अगस्त से ही तिरंगे के रंग की रोशनी की जाएगी। मुख्य समारोह की सांस्कृतिक कार्यक्रम सीमित के अध्यक्ष जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ व अपर कलेक्टर श्री धुर्वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था देखंगे।

# एमपीपीएससी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का आयोजन 8 से 13 अगस्त तक

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी), इंदौर द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का आयोजन 8 अगस्त से 13 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन एक सत्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑफलाइन पद्धति से आयोजित***

**डॉ. श्रीकांत पाण्डे होंगे बालाघाट के संभागीय पर्यवेक्षक**

**सहायक संचालक मरावी को किया गया लायजनिंग अधिकारी नियुक्त**

होगी। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने इस परीक्षा के सुव्यवस्थित आयोजन एवं संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियॉं करने के निर्देश दिये है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर के निर्देशानुसार परीक्षा की प्रक्रियात्मक निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा अभ्यर्थियों और नागरिकों का विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से बालाघाट जिले के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. श्रीकांत पाण्डे (मो.नं.76974 76674) को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। डॉ. पाण्डे परीक्षा प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व से जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। वहीं परीक्षा के दौरान वे विभिन्न केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

संभागीय पर्यवेक्षक को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बालाघाट में पदस्थ सहायक संचालक श्री सी.एस. मरावी (मो.नं. 94070 51904) को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे पर्यवेक्षक को आवश्यक प्रशासनिक एवं लिपिकीय सहयोग प्रदान करेंगे तथा आवश्यकता अनुसार ई-मेल, कंप्यूटर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय पर एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो सके।

# डेंजर रोड दुरुस्त करने और टोल सेवा में छुट प्रदान करने की मांग को लेकर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने सौपा कलेक्टर कुमार सत्यम को ज्ञापन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी विगत अनेक महीनों से बालाघाट से गर्रा मार्ग पर स्थित डेंजर रोड पर आवागमन के लिये भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं, एक तरफ जो रेलवे ओवर ब्रीज है, उस पर से भारी वाहनों के लिये आना जाना प्रतिबंधित रखा गया है, दूसरी तरफ डेंजर रोड मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है। बारिश के दिनों में विशेषकर दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना***





रहता है, जबकि वहीं बालाघाट से 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित गोंदिया रोड पर सड़क निर्माण के बाद टोल बैरियर शुरु कर दिया गया है, लेकिन क्षेत्र के अनेक परिवहन व्यवसायी जो कि अपना वाहन खुरसोड़ी से रजेगांव तक मात्र 12 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रत्येक वाहन से 495 रुपये टोल शुल्क वसूला जा रहा है। परिवहन व्यवसायियों की ऐसी समस्याओं को लेकर आज बालाघाट परिवहन ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं वैनगंगा मालवाहक संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कुमार सत्यम से मुलाकात की, और समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए राहत एवं उपाय करने की मांग की। परिवहन व्यवसायियों का नेतृत्व करते हुए यूवा नेता विशाल बिसेन ने बताया कि गोंदिया रोड स्थित रेलवे ब्रिज पर रेलवे विभाग द्वारा हाइट बैरियर लगाया गया है। हमारी मांग है कि निर्धारित मानकों के अनुरूप आने वाले मालवाहक वाहनों को उक्त पुल के ऊपर से आवागमन की अनुमति प्रदान की जाए। इसी प्रकार बालाघाट शहर में ट्रकों एवं भारी वाहनों को डेंजर रोड का उपयोग करना पड़ता है। गर्ल्स कॉलेज से लेकर गोंगलई (गोंगलई/गोंगलई) तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। इसके कारण प्रतिदिन वाहनों में टूट-फूट होती रहती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी प्रकार ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अविनाश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में नेशनल हाईवे द्वारा गोंदिया मार्ग पर मर्री स्थित टोल बैरियर स्थापित किया गया है। यह टोल बैरियर बालाघाट शहर से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। परिवहन व्यवसायियों के वाहन खुरसोड़ी से रजेगांव तक मात्र 12 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रत्येक वाहन से 495 रुपये टोल शुल्क वसूला जा रहा है। यह शुल्क किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि यह प्रति किलोमीटर के हिसाब से अत्यधिक अधिक पड़ता है। इसलिए हमारी मांग है कि उक्त टोल बैरियर को वर्तमान स्थान से हटाकर उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए अथवा बालाघाट के स्थानीय मालवाहक वाहनों को टोल शुल्क से छूट प्रदान की जाए। इस अवसर पर प्रमुख रुप से अध्यक्ष पुरन सिंह भाटिया, सचिव गुरुदयाल भाटिया, कोषाध्यक्ष मनोज पंजवानी, अजय हरिनखेड़े, प्रमोद साहु, हरीश दमाहे, कंकरलाल पटले संहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी उपस्थित थे।

# इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस का भव्य इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

इनर व्हील क्लब ऑफ बालाघाट टाइग्रेस का इंस्टॉलेशन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में नवगठित कार्यकारिणी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और जनहित के कार्यों को समर्पित भाव से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य मौसम बिसेन हरिनखेड़े तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर उपस्थित रहीं। वहीं रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर के सदस्यों को भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। अतिथियों ने क्लब की नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर डॉ. त्रिवेदी ने क्लब की नई अध्यक्ष तथा अर्चना गुप्ता ने सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। वंदना नवांनी को कोषाध्यक्ष, युक्ति रंगलानी को आईएसओ तथा तृप्ति कौशल को क्लब का संपादक नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। नई कार्यकारिणी में वर्षा चंदानी एवं अंजलि मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सुरभि शर्मा, वर्षा जैन, प्रियंका जायसवाल, सौम्या बेदी, सारिका शांडिल्य, मोनिका बिसेन, नाहिद मंसूरी, शिखा चावड़ा, महक सचदेवा, कुलमीत छाबड़ा, माधुरी अग्रवाल तथा गोल्डी सोनी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में इनर व्हील की वरिष्ठ सदस्य रश्मि बिसेन, रिया पसरिचा, ममता चंदेल, मनीषा छुटानी, राधिका असाटी, बबीता अग्रवाल, सोनल गांधी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि आठ नई महिला सदस्यों ने इनर व्हील क्लब की सदस्यता ग्रहण कर सेवा कार्यों से जुड़ने की शपथ ली। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इनर व्हील क्लब सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में क्लब आगामी वर्ष में भी अनेक जनहितकारी और समाजोपयोगी गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का कार्य करेगा। समारोह का समापन सभी सदस्यों के सामूहिक संकल्प और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## धनौरा में विशेष जनसुनवाई बनी महज 'रस्म अदायगी'..

# 600 से अधिक आवेदन पहुंचे, लेकिन त्वरित समाधान न मिलने से ग्रामीणों में मायूसी..

### मुनादी न कराने पर सोशल मीडिया का बहाना, लेकिन नेटवर्क विहीन व अशिक्षित ग्रामीणों तक कैसे पहुंचेगी खबर? पत्रकारों को भी रखा बेखबर..

### चौराहे से लेकर गांव-गांव बिक रही अवैध शराब, पर नशामुक्ति की मांग पर कलेक्टर बोलीं- 'प्रशासन अकेला कुछ नहीं कर सकता'..



**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**

जिला प्रशासन द्वारा दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दावों के साथ मंगलवार को जनपद पंचायत धनौरा परिसर में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में आयोजित इस जनसुनवाई में धनौरा विकासखंड के अलावा केवलारी, घंसौर, लखनादौन और छपारा से भी सैकड़ों पीड़ित पहुंचे। शाम तक 600 से अधिक आवेदन दर्ज किए गए, लेकिन अधिकांश मामलों में त्वरित समाधान न मिलने और पुरानी जनसुनवाई की रसीदों के बावजूद राहत न मिलने से ग्रामीणों में भारी असंतोष देखा गया।

### सोशल मीडिया का प्रशासनिक बहाना, जमीनी हकीकत से बेखबर

जनसुनवाई की ग्रामीण अंचलों में ढोल-मुनादी न कराने पर जब सवाल उठा, तो कलेक्टर नेहा मीना ने सोशल मीडिया को 'पावरफुल' बताते हुए इसके जरिए सूचना पहुंचने का दावा किया। हालांकि प्रशासन का यह तर्क जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इंटरनेट कनेक्टिविटी बेहद खराब है। अशिक्षित वर्ग, बुजुर्ग और बिना स्मार्टफोन वाले गरीब परिवारों तक सोशल मीडिया की सूचना पहुंचना असंभव है। मुनादी के बिना दूर-दराज के सैकड़ों जरूरतमंद इस महत्वपूर्ण जनसुनवाई से पूरी तरह वंचित रह गए।

### चौथी दुनिया से दूरी: पत्रकारों को नहीं दी गई सूचना..

प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल यह भी खड़ा हुआ कि इतनी महत्वपूर्ण और विस्तृत जनसुनवाई की कोई आधिकारिक सूचना या आमंत्रण स्थानीय पत्रकारों को नहीं दिया गया। मीडिया को जनसुनवाई में आमंत्रित न करना और जनता की समस्याओं को उठाने से दूर रखने की कोशिश प्रशासनिक पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### खुलेआम बिक रही शराब, पर नशामुक्ति की शिकायत पर प्रशासन ने झाड़ा पल्ला

जनसुनवाई में धनौरा ब्लॉक में पिछले 2 वर्षों से चल रहे नशामुक्ति अभियान और अवैध शराब पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा भी गरमाया। वर्तमान में धनौरा के मुख्य चौराहों से लेकर गांव-गांव तक खुलेआम अवैध शराब बिक रही है और कच्ची शराब का निर्माण हो रहा है, जिस पर ग्रामीण लगातार आपत्तियां दर्ज करा रहे हैं। जब ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष अवैध शराब पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की, तो कलेक्टर ने कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई या आबकारी/पुलिस विभाग को निर्देश देने के बजाय सारा दारोमदार जनता पर ही डाल दिया। कलेक्टर ने कहा कि 'नशामुक्ति एक जनजागरूकता अभियान है, जो मन से आता है। नशे के प्रति लोगों को खुद जागरूक होना पड़ेगा, प्रशासन अकेला इस पर कुछ नहीं कर सकता। इसके लिए व्यापक जनसमर्थन की आवश्यकता है।'कलेक्टर के इस गैर-जिम्मेदाराना जवाब से ग्रामीणों और समाजसेवियों में भारी निराशा है। लोगों का कहना है कि जब कानूनन अवैध शराब बेचना अपराध है, तो उस पर सख्त कार्रवाई करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे 'जनजागरूकता' का नाम देकर टाला नहीं जा सकता।

### पुराने आवेदनों का ढेर, समाधान शून्य, भ्रष्टाचार और बदहाली की खुली पोल..

जनसुनवाई में पहुंचे कई आवेदकों ने पूर्व में दी गई जनसुनवाई की रसीदें दिखाते हुए बताया कि वे बार-बार चक्कर काटने को मजबूर हैं। जनसुनवाई में सबसे ज्यादा समस्याएं राजस्व विभाग की घोर लापरवाही से जुड़ी रहीं। इसके अलावा बिजली सप्लाई की अनिश्चितता, पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, पीएम आवास योजना में अड़चनें और किसान सम्मान निधि का लाभ न मिलना जैसे गंभीर मुद्दे छाए रहे। ग्रामीणों ने शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, छात्रावासों (हॉस्टलों) में व्याप्त अव्यवस्थाएं, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, पशु विभाग की उपेक्षा और कृषि क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी शिकायतों का पुलिंदा सौंपा।

इतना ही नहीं, ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों में वित्तीय घोटालों और विभिन्न शासकीय विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें भी जनसुनवाई के दौरान खुलीं।इन तमाम गंभीर शिकायतों पर कोई तुरंत निर्णय या दंडात्मक कार्रवाई न होने से जनसुनवाई केवल कागजी खानापूर्ति और आवेदनों का ढेर लगाने तक ही सीमित रह गई।

# जुआ फड़ में लखनादौन पुलिस की दबिश, 10 जुआड़ी धराये, लाखों का मशरूका जप्त

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले की लखनादौन थाना पुलिस ने लखनादौन मुख्यालय स्थित शिवा विनायक रेस्टोरेंट के पीछे कमरे में चल रहे जुआ फड़ में दबिश देकर 10 जुआरियों को धरदबोच उनके कब्जे से लाखों रूपये का मशरूका जप्त किया हे।***

मिली जानकारी अनुसार 03 अगस्त को मुखबिर से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना प्राप्त हुई कि शिवा विनायक रेस्टोरेंट लखनादौन के पीछे एक कमरे में जुआ फड़ चल रहा है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन एवं आदेगांव पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश दी, पुलिस टीम ने मौके पर रुपये-पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे कुल 10 व्यक्तियों प्रेमसिंह राजपूत पिता झामसिंह 45 वर्ष निवासी ग्राम खैरनरा, नितिन रजक पिता स्व. संतोष्र 38 वर्ष, निवासी सुनारी मोहल्ला लखनादौन, शुभम राजपूत पिता पीतम राजपूत्र 26 वर्ष निवासी गंगई थाना लखनादौन, शेरसिंह उर्फगुड्डू राठौर पिता रज्जु राठौर्र 30 वर्ष निवासी पटपुरा लखनादौन, नीलेश उर्फ लीलाधर झारिया पिता देवीलाल झारिया 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 लखनादौन, सुनील अहरवार पिता रमेश अहरवार 44 वर्ष निवासी वार्ड नं. 02 हरिजन वार्ड लखनादौन, शिवम तिवारी पिता शिवप्रसाद तिवारी 26 वर्ष निवासी वार्ड नं. 4 कॉलेज के पास लखनादौन, राहुल जैसवाल पिता पीतम जैसवाल 32 वर्ष निवासी वार्ड नं. पेट्रोल पंप के पास लखनादौन, गोविन्द गोल्हानी पिता दादूराम 32 वर्ष निवासी ग्राम पाना बुढवानी थाना लखनादौन एवं योगेन्द्र कुमार बरमैया पिता अरविन्द 27 वर्ष निवासी वार्ड 02 शंकर मंदिर के पास लखनादौन को रंगे हाथों पकड़ा। घेराबंदी कर आरोपियों के कब्जे से 50,640 रूपये नगद, 52 ताश के पत्ते, 12 मोबाइल फोन एवं 03 मोटर साइकिल जप्त की गईं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध थाना लखनादौन में अपराध क्रमांक 312/2026 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे, थाना प्रभारी आदेगांव उनि आशीष धुर्वे, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, प्रआर ललता प्रसाद पटले, मोहन कुमरे, अजय बघेल, आरक्षक दीपेश की विशेष भूमिका रही।

# राहीवाड़ा हनुमान मंदिर में दिनदहाड़े मुकुट चोरी का प्रयास, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

**जगप्रेरणा बंडोल।**

***थाना बंडोल अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित राहीवाड़ा हनुमान मंदिर में रविवार शाम लगभग 4 बजे चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।***



जानकारी के अनुसार दो युवक मंदिर परिसर में पहुंचे और भगवान हनुमान जी का मुकुट लेकर भागने लगे। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। घटना का पता चलते ही मंदिर के पुजारी ने साहस का परिचय देते हुए एक आरोपी का पीछा किया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ प्रारंभ कर दी है, जबकि दूसरा आरोपी कथित रूप से मुकुट लेकर फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। दिनदहाड़े मंदिर में हुई इस घटना से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा चोरी गए मुकुट की बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# मुख्य विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिरा, बड़ा हादसा टला..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी शहर के हड्डी गोदाम क्षेत्र में मंगलवार दोपहर मुख्य विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। घटना घनी आबादी वाले इलाके में हुई, लेकिन समय रहते बिजली आपूर्ति बंद किए जाने से बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया।

### व्यस्त सड़क पर गिरा तार, मची अफरा-तफरी..

मंगलवार दोपहर करीब 1:15 बजे हड्डी गोदाम क्षेत्र में मुख्य बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर सड़क पर गिर गया। यह इलाका दिनभर व्यस्त रहता है और आसपास कई मकान हैं। घटना के समय कोई व्यक्ति तार की चपेट में नहीं आया, जिससे जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तार गिरते ही स्थानीय लोगों ने आसपास मौजूद लोगों को सतर्क किया और बिजली विभाग को सूचना दी। विभाग ने तत्काल संबंधित फीडर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत शुरू की।

### रहवासियों ने पुराने तार बदलने की मांग की..

क्षेत्र के निवासी शाहिद खान, मोनू और अन्य लोगों ने कहा कि यदि सड़क पर पानी भरा होता या कोई व्यक्ति तार के संपर्क में आ जाता, तो गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने पुराने विद्युत तारों और खंभों का नियमित निरीक्षण कर समय पर मरम्मत कराने की मांग की।

### एई बोले- मरम्मत के बाद बहाल होगी सप्लाई..

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक एई बोले- मरम्मत के बाद बहाल होगी सप्लाई। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता (एई) वरुण सारस्वत ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। सुरक्षा के मद्देनजर पहले बिजली आपूर्ति बंद की गई और उसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया। आवश्यक परीक्षण के बाद सुरक्षित रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। विशेषज्ञों के अनुसार बरसात के मौसम में तेज हवा, जर्जर तार, ढीले कंडक्टर या पेड़ों की शाखाओं के संपर्क में आने से इस तरह की घटनाएं बढ़ जाती हैं। यदि कहीं भी बिजली का तार जमीन पर गिरा दिखाई दे तो उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तुरंत बिजली विभाग को सूचना दें।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय का किया गया औचक निरीक्षण



**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के प्राचार्य डॉ.रविशंकर नाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी का औचक निरीक्षण किया गया।

डॉ,नाग द्वारा महाविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की जानकारी ली गई। संचालित समस्त कक्षाओं का भ्रमण किया गया एवं नवप्रवेशित छात्राओं से संवाद किया गया। उनके द्वारा **NEP** 2020 के पाठ्यक्रमों का छात्राओं से चर्चा की गई। छात्राओं को उन्होंने नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने, शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने को कहा, उन्होंने प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापक को शासन के द्वारा दिए गए समस्त कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने को कहा एवं उन्होंने मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाइन की समस्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। डॉ. नाग द्वारा पुस्तकालय एवं समस्त कक्षाओं एवं महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय में स्टाफ उपस्थित रहा।

# कन्या शाला में नशा मुक्ति अभियान एवं 10 करोड़ प्रतिज्ञा का संकल्प..



**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

कन्या शाला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा श्रद्धेय दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यसनमुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर 10 करोड़ व्यसनमुक्ति प्रतिज्ञा अभियान के तहत छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों को नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसआई अंकिता जैन ने नशे के दुष्परिणाम बताते हुए छात्राओं को व्यसन से दूर रहने की प्रेरणा दी। सेवा केंद्र संचालिका बी.के. मोनिका बहन ने आध्यात्मिक जीवन, श्रेष्ठ संस्कार एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कन्या शाला के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, विद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी ने स्वयं नशामुक्त रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली।

# मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ



**जगप्रेरणा केवलारी।**

***मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान से केवलारी विकासखंडों के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल मे पटवारियों ने केवलारी मुख्यालय स्थित तहसील ऑफिस पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए***

लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। पटवारी संघ केवलारी के अध्यक्ष गौरव मेश्राम का कहना है कि वेतनमान की विसंगतिया, कैडर रिव्यू, पदोन्नति और सेवा संबंधी कई महत्वपूर्ण मामले वर्षों से लंबित हैं। अन्य विभागों के कर्मचारियों को समय-समय पर पदोन्नति का लाभ मिल रहा है, जबकि पटवारी वर्ग इससे वंचित है। संघ ने शासन से कैडर रिव्यू के लंबित प्रस्ताव को तत्काल लागू करने की मांग की है। संघ ने नायब तहसीलदार पद के लिए विभागीय परीक्षा नियमित रूप से आयोजित करने की भी मांग उठाई। पटवारियों का कहना है कि वर्ष 2018 के बाद से परीक्षा नहीं होने के कारण पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। पटवारियों ने शासकीय कार्यों के दौरान सुरक्षा प्रदान करने तथा 'जज प्रोटेक्शन एक्ट' की तर्ज पर कानूनी संरक्षण देने की मांग भी की। उनका कहना है कि कई मामलों में केवल राजस्व प्रतिवेदन देने के बावजूद उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, जिससे कर्मचारियों में भय का वातावरण बना रहता है। इसके अलावाफार्मर आईडी, स्वामित्व योजना और सर्वे कार्यों का लंबित मानदेय तत्काल भुगतान करने तथा नियमों के विरुद्ध किए गए तबादलों को निरस्त करने की माग की गई। संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो आदोलन और तेज किया जाएगा। पटवारियों की हड़ताल से नामातरण, सीमांकन, बंटवारा, फसल गिरदावरी और भूमि अभिलेखों से जुड़े राजस्व कार्य प्रभावित होने की संभावना है, जिससे आम नागरिकों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल छपारा में अभिभावक जागरूकता सेमिनार का आयोजन..



**जगप्रेरणा छपारा।**

**नगर के प्रतिष्ठित और गौरवशाली विद्यालय मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा 1 अगस्त 2026 को अभिभावकों के लिए एक विशेष 'अभिभावक जागरूकता सेमिनार' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।**

सेमिनार में विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिक ने अभिभावकों को बच्चों के **IQ, EQ, AQ** एवं **CQ,** उनकी सीखने की शैली **(Learning Style)**, एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति, मोबाइल एवं टीवी की लत, भावनात्मक व्यवहार, जन्मजात प्रतिभा, रुचि एवं करियर चयन, तथा समस्या-समाधान क्षमता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। साथ ही बच्चों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें सही समय पर उचित मार्गदर्शन देने के महत्व पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य अभिभावकों और विद्यालय के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना है, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार और विद्यालय मिलकर प्रभावी भूमिका निभा सकें। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया।

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# न्यायोचित मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, शासकीय बस्ते जमा कर कामकाज पूरी तरह ठप..

### शेष लंबित मांगों को लेकर पटवारी संघ का आर-पार का आंदोलन जारी, हड़ताल के बीच शासन ने जारी किए महत्वपूर्ण आदेश; किसानों से सहयोग की अपील



**अमन राउत, जगप्रेरणा रजेगांव (बालाघाट)।**

***वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों के निराकरण में लगातार हो रही देरी से आक्रोशित मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने 3 अगस्त 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर 2 अगस्त को आयोजित***

जिलाध्यक्षों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रदेशभर के पटवारियों ने अपने शासकीय बस्ते एवं अभिलेख संबंधित तहसील कार्यालयों में जमा कर कार्य का पूर्ण बहिष्कार कर दिया है। संघ का कहना है कि जब तक शेष लंबित मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

संघ का आरोप है कि वर्षों से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें शासन के समक्ष रखी जा रही हैं, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार उपेक्षा के कारण अब अनिश्चितकालीन आंदोलन ही अंतिम विकल्प बचा है।

पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में पे-ग्रेड एवं वेतनमान में सुधार, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा का नियमित आयोजन, जज प्रोटेक्शन एक्ट के तहत संरक्षण, विभिन्न शासकीय योजनाओं में किए गए कार्यों के लंबित भुगतान एवं भत्तों का शीघ्र निराकरण तथा स्थानांतरण नीति-2026 के विपरीत किए गए स्थानांतरणों को निरस्त करना शामिल है।

संघ ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल से पहले चरणबद्ध आंदोलन चलाया गया। 8 जुलाई को जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपा गया, 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया गया, 24 से 27 जुलाई तक शासकीय व्हाट्सएप एवं अन्य आधिकारिक समूहों का बहिष्कार किया गया तथा 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ड्डद्दड्डत्नढ्डस्, ञ्क्र ऐप सहित समस्त ऑनलाइन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया गया। मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के बाद 3 अगस्त से प्रदेशभर में काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी गई।

इसी बीच आंदोलन के दौरान पटवारी संघ को प्रारंभिक सफलता भी मिली है। संघ के अनुसार, शासन ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजस्व अमले की लंबित राशि के भुगतान संबंधी आदेश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा पटवारियों के विरुद्ध किसी भी प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज किए जाने से पूर्व प्रारंभिक परीक्षण किए जाने के संबंध में भी 3 अगस्त 2026 को आदेश जारी किए जा चुके हैं।

संघ ने इसे अपने चरणबद्ध आंदोलन की पहली महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता का असर अब शासन के निर्णयों में दिखाई देने लगा है, हालांकि शेष मांगों के समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा।

पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी भी तहसील में आंदोलनरत कर्मचारियों के विरुद्ध दमनात्मक या द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जाती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

प्रांतीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल, महामंत्री धर्मेंद्र शर्मा एवं बालाघाट जिलाध्यक्ष अरुण बिसेन ने संयुक्त बयान में कहा कि नवंबर 2025 में मुख्यमंत्री से हुई चर्चा के दौरान मांगों के निराकरण का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान, सुरक्षित सेवा परिस्थितियों और प्रशासनिक न्याय के लिए है।

आंदोलन के दौरान आमजन एवं किसानों को होने वाली असुविधा पर खेद व्यक्त करते हुए संघ ने प्रदेशवासियों से सहयोग एवं समर्थन की अपील की है।

संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक शासन उनकी शेष न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर आदेश जारी नहीं करता, तब तक प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं काम बंद आंदोलन पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा।

# कारगिल की उस पवित्र धरती पर, जहाँ तिरंगे की हर लहर शहीदों को सलाम करती है..

### द्रास का कारगिल वॉर मेमोरियल–जहाँ हर पत्थर शौर्य की कहानी और हर नाम सर्वोच्च बलिदान की मिसाल है..












**जगप्रेरणा बालाघाट।**

हिमालय की ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल, द्रास केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों की अमर गाथा है। यहाँ पहुँचते ही लहराता तिरंगा, बर्फीले पहाड़, सेना के ध्वज और शहीदों की यादें हर भारतीय के मन में गर्व, सम्मान और देशभक्ति का ज्वार भर देती हैं। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने विषम परिस्थितियों, दुर्गम पहाड़ियों और दुश्मन की ऊँची चौकियों के बावजूद अद्भुत साहस का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की। इसी ऐतिहासिक जीत और अमर बलिदान की स्मृति में द्रास में यह भव्य कारगिल वॉर मेमोरियल बनाया गया। हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस यहीं पूरे सैन्य सम्मान के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर देशभर से सेना के अधिकारी, शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिक और हजारों नागरिक पहुँचकर अमर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मेमोरियल की सबसे भावुक करने वाली बात यह है कि यहाँ कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों के नाम अंकित हैं। इन नामों को पढ़ते हुए सहज ही एहसास होता है कि देश की सुरक्षा और तिरंगे की शान के लिए कितने वीरों ने हँसते-हँसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हर नाम एक कहानी है, हर शिला एक बलिदान की गवाही देती है। परिसर में युद्ध के दौरान उपयोग किए गए 155 एमएम बोफोर्स फील्ड होवित्जर, 75/24 पैक होवित्जर, मिग-21 लड़ाकू विमान सहित अनेक सैन्य उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बोफोर्स तोपों ने कारगिल युद्ध में दुश्मन की ऊँचाई पर बनी चौकियों को ध्वस्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई। लाखों गोले दागकर भारतीय तोपखाने ने दुश्मन की कमर तोड़ दी और हमारी पैदल सेना को एक-एक कर महत्वपूर्ण चोटियों पर विजय दिलाने में मदद की।

75/24 पैक होवित्जर जैसी हल्की तोपें विशेष रूप से पहाड़ी युद्ध के लिए बनाई गई थीं। इन्हें आवश्यकता पड़ने पर अलग-अलग हिस्सों में खोलकर खच्चरों या हेलीकॉप्टरों के माध्यम से दुर्गम क्षेत्रों तक पहुँचाया जाता था। यही भारतीय सेना की रणनीतिक तैयारी और तकनीकी क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। मेमोरियल में 'ऑपरेशन सफेद सागर' की विस्तृत जानकारी भी दी गई है। 26 मई 1999 को भारतीय वायुसेना ने इस अभियान की शुरुआत की। पहली बार 15 हजार फीट से अधिक ऊँचाई पर मिराज-2000 जैसे लड़ाकू विमानों से लेजर-गाइडेड बमों द्वारा दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमले किए गए। इस अभियान ने टाइगर हिल, तोलोलिंग, बटालिक और अन्य महत्वपूर्ण चोटियों को दुश्मन से मुक्त कराने में भारतीय सेना की निर्णायक सहायता की और ऑपरेशन विजय की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया। मेमोरियल परिसर में अनेक शहीदों के स्मृति-चिह्न भी स्थापित हैं। इनमें 5 गढ़वाल राइफल्स के लांस नायक इंद्रा सिंह सहित अनेक वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया है। इन स्मारकों के सामने खड़े होकर मन स्वतः ही उन परिवारों को याद करता है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सबसे अनमोल सहारा खो दिया। पूरे परिसर में सजे उद्यान, लहराता तिरंगा, शहीद स्मारक, युद्ध में प्रयुक्त हथियार और हिमालय की गोद में बसा यह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं लगता। यहाँ आने वाला हर व्यक्ति केवल तस्वीरें लेकर नहीं लौटता, बल्कि अपने भीतर देशभक्ति, गर्व और उन अमर वीरों के प्रति असीम सम्मान लेकर लौटता है। मेरे साथी ओमप्रकाश मरठ़े, डाक्टर देवलाल जामरे व में हितेश अजीत के लिए यह यात्रा जीवन के सबसे भावुक और गर्व से भर देने वाले अनुभवों में से एक रही। बोफोर्स तोप, लड़ाकू विमान, शहीदों के नाम और अमर ज्योति के सामने खड़े होकर यही महसूस हुआ कि आज हम जिस सुरक्षित भारत में साँस ले रहे हैं, वह हजारों वीर सैनिकों के त्याग, साहस और सर्वोच्च बलिदान का परिणाम है।

# ग्राम पंचायत उकवा में पक्की सड़क 'एवं बाजार परिसर में दुकान के लिए चबूतरा निर्माण 'एवं शेड निर्माण कार्य के लिए किया गया भूमिपूजन..







**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में साढ़े तीन वर्षों बाद विभिन्न निर्माण कार्यो के किए दिनांक 03/08/2026 दिन-सोमवार को पंचों 'एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रामबती उयके***

उपसरपंच शिवशंकर तिवारी द्वारा अनेकों निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया सरपंच श्रीमती रामबाती उइके,उपसरपंच शिवशंकर तिवारी 'एवं सचिव भजन वाल्के द्वारा बताया गया कि 03 अगस्त दिन-सोमवार को वार्ड नंबर 04 मे दुर्गा प्रसाद पटले के घर से बोपचे बाबू के घर तक सीसी सड़क लागत 2.21 लाख इसी तरह वार्ड नंबर 5 'एवं 6 में बड़ा देव परिसर से ओम प्लाई तक सीसी सड़क लागत 24.44 लाख। संजय अग्रवाल के घर से बड़ा देव परिसर तक सीसी सड़क लागत 22.18 लाख। मॉयल द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन से संजय अग्रवाल के घर तक सीसी रोड लागत 16.88 लाख। इसी तरह वार्ड नंबर 10 में तिहारी बहारे के घर से ब्रम्हे के घर तक सीसी रोड जिसकी लागत करीब 4.01 लाख। वार्ड नंबर 16 में भी तिलकबाबू के घर से मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 1.48 लाख का भूमि पूजन किया गया।

''उकवा बाजार परिसर में दुकान के लिए चबूतरा ,शेड निर्माण कार्य,सीसीरोड ऐव गट्टू कार्य (पेयर ब्लॉक)के लिए भूमि पूजन किया गया''

उकवा बाजार परिसर में व्यापारियों 'एवं ग्राम के नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए दुकान के लिए चबूतरा,शेड निर्माण कार्य,सीसी रोड ऐव गट्टू कार्य (पेयर ब्लॉक) का निर्माण कार्य जिसकी लागत करीब 28.94 लाख की राशि से किया जाएगा जिससे व्यापारियों को पाल पर्दे आदि लगाने की जरूरत नहीं पड़ेंगे और धूप बरसात से भी राहत मिलेगी।

वार्ड नंबर 4 से वार्ड नंबर 16 तक चले इस भूमि पूजन में सरपंच श्रीमती रामवती उईके, उप सरपंच श्री शिव शंकर तिवारी, सचिव श्री भजन वल्के सहायक सचिव प्रीति सहारे पंच श्रीमती रीना जीजोतिया ललिता रौतीया प्रमिला मेश्राम आरती भारद्वाज एवं पंच जैक्सन सारभंग, रमेश कुमार कुमरे, सुमित बांगरे संजय अग्रवाल केस्टो चरण उत्कल नंदा, संजीव अग्रवाल, परमानंद पारधी एवं ग्रामीण देवीलाल गेडाम अशोक शिव जितेंद्र डहरवाल ललित चौधरी ओम प्रकाश चौकसे भूपेंद्र चौकसे अशोक जिजोतिया डॉ गुलशन जिजोतिया लोकचंद करंडे संजू गुप्ता करुना नायर रेखा आंद्रे अमूल दास आंद्रे, गणेश ठाकरे, ललित चौधरी, विजेंद्र खांडीकर, दिमागचंद गौतम, राकेश कुर्व, जानकी मर्सकोले, राजू नागेश्वर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

÷÷ इसी प्रकार उपचुनाव 02जनवरी 2026 के बाद नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती रामबती उइके के मार्गदर्शन 'एवं दिशा निर्देश पर उपसरपंच शिवशंकर तिवारी 'एवं पंचों के देख-रेख में अनेकों निर्माण कार्य कराए गए है

उकवा ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यो में वार्ड क्रमांक 12 साई मंदिर पानीटोला के पास पक्की सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक07 वार्ड क्रमांक 10 एवं वार्ड क्रमांक 11 पानीटोला में पक्की नालियों का निर्माण इसी प्रकार मॉयल द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन उकवा का सौंदर्य करण कराया गया ।वार्ड क्रमांक 7 ,वार्ड क्रमांक 12 एवं वार्ड क्रमांक 14 में आरसीसी लघु पुलिया का निर्माण कार्य कराया गया इसी प्रकार ग्राम के चौक चौराहों एवं बाजार परिसर में हाई मास्क लाइट के माध्यम से रोशनी की उत्तम व्यवस्था की गई तथा भीषण गर्मी में पेयजल के समस्या को देखते हुए नलकूपों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण नलकूपों का मरम्मत कार्य 'एवं समर्शियल पम्प के तथा पानी टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना इसी प्रकार उकवा से पोंडी मार्ग का मरम्मत कार्य,वार्ड क्रमांक 06,10,12,13,14,16 ऐव 20 में सड़क मरम्मत छोटे गलियों का मरम्मत कार्य इसी तरह पानी निकासी के लिए वर्षो से बंद पड़ी अनेकों नलिया का कार्य 'एवं नाली सफाई कार्य तथा ऋष्टष्ट पाइप लगाकर पूर्व में निर्मित पुलियो के जाम हो जाने के कारण पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है।

# पतंजलि परिवार व भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा धूमधाम से मनाया गया 'जड़ी-बूटी दिवस'

### टीहलीबाई स्कूल परिसर में यज्ञ, वृक्षारोपण और निःशुल्क औषधीय पौधों का हुआ वितरण



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

आयुर्वेद को विश्व स्तर पर पुनः प्रतिस्थापित करने वाले श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज का जन्मदिवस पतंजलि परिवार एवं भारत स्वाभिमान न्यास के तत्वावधान में पूरे देश सहित स्थानीय स्तर पर 'जड़ी-बूटी दिवस' के रूप में अत्यंत उत्साह एवं

धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में प्रातः 5:00 बजे से मंगलवार को टीहलीबाई स्कूल परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में नगर की सभी योग कक्षाओं के योग साधकों और पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव यज्ञ एवं पूजन से हुआ। साधकों ने आचार्य जी के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए आहुतियां समर्पित कीं। वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संकल्पः जड़ी-बूटी दिवस के उपलक्ष्य में परिसर में बरगद (बढ़) का मुख्य पौधा रोपा गया। औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरणः जन-स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गिलोय, नीम, तुलसी, अश्वगंधा और एलोवेरा जैसे बहुउपयोगी औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

सेवा व कल्याणकारी कार्यः जड़ी-बूटी दिवस पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए जन-कल्याण हेतु स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान जैसी गतिविधियों का संदेश प्रसारित किया गया तथा अंत में सभी उपस्थित साधकों को मिष्ठान वितरित किया गया। योग समिति की ओर से बताया गया कि ÷आयुर्वेद और प्रकृति ही हमारे जीवन का वास्तविक आधार हैं।

आचार्य श्री के आदर्शों पर चलकर आओ, घर-घर योग और औषधीय पौधे लगाएं। हर नागरिक निरोगी बने और हमारी धरा सदा हरी-भरी रहे, इसी पावन संकल्प के साथ हम सब मिलकर स्वस्थ भारत का निर्माण करें।÷इस अवसर पर समिति के अलावा नगर की सभी कक्षाओं के सभी योग साधक उपस्थित रहे

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।




## न्यायालय नायब तहसीलदार भंडेरी तहसील-बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

**।। ईश्तेहार ।।**

रा.प्र.क्र. 0012/अ-20 (3) / वर्ष 2026-27
मौजा लहंगाकन्हार, प.ह.नं. 43
राजस्व निरीक्षक मण्डल भंडेरी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता मौजा लहंगाकन्हार को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका विभाग मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा प.ह.न. 43 ग्राम लहंगाकन्हार रा.नि.म. भंडेरी तहसील बैहर में स्थित भूमि ख.न. 6/1 रकबा 42.5720 हे. में से 33.500 हे. भूमि वैकल्पिक वृक्ष रोपण हेतु वन विभाग को हस्तान्तरित किये जाने भूमि आबंटन की मांग की गई है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह दिनांक 22/07/2026 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा एवं आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार बैहर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# नेवरवाही मानस रामायण पाठ से मेरा गाँव मेरा तीर्थ का संदेश, सामाजिक समरसता के साथ शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ..

## आज कोसमारा में होगा अखंड रामायण पाठ विश्राम






जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम नेवरवाही में स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियों के सहयोग तथा अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ समिति एवं अभिनंदन लाइफ़फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 4 अगस्त***

तक अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर भी व्यापक जनजागरण किया गया, जिससे पूरा गांव श्रद्धा, सेवा और सामाजिक चेतना के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 350 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर में 112 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन सभी मरीजों का निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन कराया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान श्रीरामचरितमानस के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, सामाजिक समरसता, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक है। उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों ने श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

शिक्षा जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी गई।

साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अभिभावकों से भी सहयोग का आह्वान किया गया।

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की गई।

प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पूरे आयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया। ग्रामीणों को कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हुए गांव को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया गया।

नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं और बच्चों को शराब, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की प्रेरणा दी गई। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है तथा सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

समापन समारोह में गांव के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायक संदेश दिए। ग्रामीणों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में सरपंच झामेंद्र टिकेश्वर, भागचंद देवाहे (अध्यक्ष), रामप्रसाद सत्कार (सचिव) सहित रवि टिकेश्वर, धीरज वाहने, गजेन्द्र टिकेश्वर, तुसेलाल सत्कार, शिवकुमार सत्कार, दिलीप सत्कार, शिवकुमार खरे, तामेश्वर सत्कार, नारायण कावरे, युवराज खरे, ओमकार दांदरे, गणेश बाहें, उमेंद्र ठाकरे, नारद देवाहे, लखनलाल सरकार, अरुण टिकेश्वर, भोजराज सत्कार, सेवक सत्कार, जीवन बावने, तेजराम उके, किशोर वरकड़े, किरणलाल सत्कार, धनीराम सत्कार, महेश सत्कार, मनोज सत्कार, रामचंद्र पांचे, शंकर देवाहे, विनोद खरे, चरण सत्कार, मुकुंद मडावी, पवन दांदरे, दौलत सत्कार, गरीबदास कावरे, रोशन बावने तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कोसमारा में अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ

इधर, लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम कोसमारा में भी 4 अगस्त को हनुमान मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियों के सहयोग से अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। संगीतमय वातावरण में प्रारंभ हुए इस धार्मिक आयोजन का समापन 5 अगस्त को होगा।

समापन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान तथा महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा, सूपखार पहुंचकर दिए आवश्यक निर्देश..




अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस सप्ताहांत प्रस्तावित बालाघाट दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने 3 अगस्त को सूपखार पहुंचकर कार्यक्रम स्थल एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।***

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने प्रस्तावित हेलीपैड, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा सूपखार पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर श्री कुमार ने एमपीआरडीसी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूपखार पहुंच मार्ग की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई पुलिया का सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नितेश भार्गव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और विभागवार कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

# महाविद्यालय के प्रयोगशाला सहायक संतोष कुमार त्रिवेदी की प्रयोगशाला तकनीशियन शिक्षक पद पर हुई पदोन्नति..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शंकर साव पटेल शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में लंबे समय से सेवारत प्रयोगशाला सहायक संतोष कुमार त्रिवेदी के लिए वर्ष 2026 की यह छमाही अत्यंत हर्ष और गौरव की सौगात लेकर आई है।***

विगत लगभग 36 वर्षों से संस्था को अपनी निष्ठावान सेवाएँ दे रहे संतोष त्रिवेदी का पदोन्नति का बहुप्रतीक्षित इंतजार अब समाप्त हो गया है। उन्हें प्रयोगशाला तकनीशियन शिक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार त्रिवेदी वर्ष 1990 से वारासिवनी के शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय में प्रयोगशाला सहायक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

अपनी नियुक्ति के समय से ही वे महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं का सुचारू संचालन और विद्यार्थियों की सहायता पूरी लगन से करते आ रहे थे। वे पिछले काफी समय से अपनी पदोन्नति की राह देख रहे थे। श्री त्रिवेदी की यह पदोन्नति शासन के नियमानुसार एवं उच्च शिक्षा विभाग के स्पष्ट दिशा निर्देशों कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन भोपाल पत्र दिनांक 30/08/2000 द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के पद को शैक्षणिक शाखा के अधीन माना गया है। जिसमें कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर के आदेश और पात्रता के संदर्भ में अतिरिक्त संचालक कार्यालय द्वारा जारी आदेश 12/07/2026 के अनुपालन में संतोष कुमार त्रिवेदी को प्रयोगशाला तकनीशियन शिक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। शैक्षणिक पद पर पदोन्नति मिलने से श्री त्रिवेदी उनके परिजनों और इष्ट.मित्रों में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्यशिला गेडाम के साथ साथ संस्था के सभी वरिष्ठ प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं साथी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी शैक्षणिक कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त की हैं।

# छात्र संघ चुनाव.. वीरांगना अवन्ति बाई विद्यालय के शाला नायक बने गौरव..




जगप्रेरणा लांजी।

***स्थानीय वीरांगना रानी अवंती बाई शिशु मंदिर, लांजी में सोमवार 3 अगस्त को लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाला नायक एवं छात्र प्रतिनिधि चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव में विद्यार्थियों ने मतपेटी और मतपत्र के माध्यम से मतदान कर अपने प्रतिनिधियों का चयन किया।***

मतदान से पूर्व सभी प्रत्याशियों ने अपना परिचय देते हुए विद्यालय के विकास एवं छात्र हित से जुड़े अपने विचार और योजनाएं विद्यार्थियों के समक्ष रखीं। इसके बाद विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। चुनाव प्रभारी कुमारी पूनम नेवारे, श्रीमती दमयंती राणे एवं कुमारी दीक्षा कुशले की निगरशनी में पूरी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के बाद घोषित परिणाम में गौरव राजकुमार सोमनकर शालानायक तथा कुमारी ऋषिका नोहरसिंह पुसाम उपशालानायक निर्वाचित हुईं। स्काउट नायक पद पर वीर गोकुल कचवाहे एवं सुशांत विजय बम्बुरे, क्रीड़ा नायक पद पर निगम संतोष पाँचे एवं अरविंद परदेशी पाँचे, जबकि सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में कुमारी आयुषी रविंद्र पंजरे, कुमारी संध्या सुरेश पाँचे एवं कुमारी दिव्यानी लीलचंद घोरमारे विजयी रहीं।

शाला में प्रत्येक कक्षा के लिए भी कैप्टन एवं उपकैप्टन का चुनाव कराया गया। जिसमें केजी-1 से कैप्टन देवांश शिवप्रसाद नगपुरे तथा उपकैप्टन कुमारी रिया सोनू नेवारे, केजी-2 से कैप्टन कुमारी काव्या बड़में तथा उपकैप्टन प्रिंस गणेश नेवारे, कक्षा पहली से कैप्टन पार्थ योगेश नगपुरे एवं उपकैप्टन कुमारी अनवी अजित श्यामकुवर, कक्षा दूसरी से कैप्टन कुमारी रिद्धी नोहरसिंह पुसाम एवं उपकैप्टन वंश महेशवरे, कक्षा तीसरी से कैप्टन कुमारी रक्षा रामनाथ चौहान एवं उपकैप्टन अभिनव नरेश चौहान, कक्षा चौथी से कैप्टन कुमारी दुर्मिशा लीलचंद घोरमारे एवं उपकैप्टन कुमारी सिद्धी कैलाश सोमनकर, कक्षा पाँचवीं से कैप्टन कुमारी पवित्रा शिवशंकर दुगरूकर एवं उपकैप्टन यंश गणेश मेहरबान, कक्षा छठवीं से कैप्टन कुमारी पूर्वी भुमेन्द्र मेहरबान एवं उपकैप्टन आर्यन गोस्वामी, कक्षा सातवीं से कैप्टन झावेश प्रमोद डोंगरे एवं उपकैप्टन कुमारी राजवी राकेश कोठारे, तथा कक्षा आठवीं से कैप्टन कुमारी ईशिता सोनू नेवारे एवं उपकैप्टन कुमारी लालिमा फगेश्वर खरे निर्वाचित हुए।

प्रधानाचार्य विजय कुमार कुशले ने सभी निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सच्चा नेतृत्व ईमानदारी, अनुशासन, आत्मविश्वास, सेवा भावना और टीम भावना के साथ कार्य करने में निहित है। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमारी पूनम नेवारे, श्रीमती दमयंती राणे, कुमारी दीक्षा कुशले, झनकार कुशले, कुमारी सोहानी सोलंकी, कुमारी रिया भोंडेकर, श्रीमती आंचल किरमे, श्रीमती काजल सातपुते, श्रीमती तामेश्वरी नारनौरे एवं कुमारी मोहिनी कोठारे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

क्लासिफाईड विज्ञापन
सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433*

# आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका की अनंतिम चयन सूची जारी, 07 दिनों के भीतर दावे आपत्ति आमंत्रित

जगप्रेरणा बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास परियोजना कटंगी के अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त वरीयता सूची के आधार पर खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदक महिलाओं की अनंतिम चयन सूची तैयार की गई है। इस अनंतिम चयन सूची पर 07 दिनों के भीतर ऑनलाइन चयन पोर्टल पर दावे आपत्ति प्रस्तुत किये जा सकते है।

आंगनवाडी केंद्र क्रमांक 02 तिरोडी में कार्यकर्ता के लिए कुमारी नेहा देवांगन को प्रथम, रोशनी खान को द्वितीय एवं अल्फिज़ा नमरीन अंसारी को तृतीय वरीयता प्रदान की गई है। इसी प्रकार आंगनवाडी सहायिका के लिए आंगनवाडी केंद्र घुनाडी में खिलेश्वरी इडपाचे को प्रथम, आरती चौधरी को द्वितीय व सुषमा करांडे को तृतीय वरीयता प्रदान की गई है।

आंगनवाडी केंद्र क्रमांक 03 गोरेघाट में सहायिका के लिए वर्षा जामुनपाने को प्रथम, प्रीति बाघमारे को द्वितीय व रोशनी जामुनपाने को तृतीय वरीयता प्रदान की गई है। आंगनवाडी केंद्र खैरलांजी में सहायिका के लिए सुरेखा उइके को प्रथम, शिल्पा मर्सकोले को द्वितीय व सुलोचना उइके को तृतीय वरीयता प्रदान की गई है। आंगनवाडी केंद्र ग्राम कछार में सहायिका के लिए मात्र 01 आवेदन प्राप्त हुआ था, लेकिन वह ग्राम कछार की निवासी नही होने के कारण उसे अपात्र किया गया है।

# जनता दरबार मे आम नागरिको की समस्याओ और शिकायतो के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान की पूर्ति होते देखी गयी

## दिन भर रही भारी भीड,महिलाये भी समूह मे आकर दर्ज करा रही शिकायते, छोटे बडे विकास कार्यो की भी हुयी समीक्षा





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नपा परिषद के जनता दरबार मे आज भी आम नागरिको की समस्याओ और शिकायतो के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान की पूर्ति होते देखी गयी।***

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल और नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके सहित पार्षदगणो की टीम ने आज भी नागरिको को अपनी बात रखने का मंच देकर प्रशासन को जवाबदेह बनाकर शासन व जनता की दूरी को कम करने का प्रयास किया। आज पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के पहुचने के पूर्व ही जनता दरबार मे भारी भीड का माहौल नजर आने लगा। सबसे पहले प्रगतिशील कलार समाज के पदाधिकारीयो व वरिष्ठजनो ने अध्यक्ष सुनील पिपरेवार के साथ आकर वार्ड पांच बगीचे के पीछे के रिक्त स्थान को भगवान सहस्त्रबाहू चैक नामकरण कर मूर्ति स्थापित किये जाने विषयक ज्ञापन सौपा। जिस पर परिषद ने उपंयत्री को स्थल निरिक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये। इसी तरह वार्ड एक हिमाचल नगर से आकर प्रभा बिसेन, कुलदीप कुमार,पुस्तकला भैरम, रीणा राणा आदि ने लिखित शिकायत मे बताया की पवार मगंल भवन के सामने वाली गली मे लगभग आधा दर्जन मकानो तक नल जल योजना की मुख्य पाईप लाईन नही आ पायी है। चूंकि बरसात के मौसम मे बोर से भी गंदा पानी आने के कारण अब इस कार्य का प्राथमिकता से कराना बेहद जरूरी है। इस शिकायत को भी आज गंभीरता से लेकर नपा परिषद ने आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराने के अधिकारीयो को निर्देश प्रदान किये।

इसी तरह वार्ड 4 के एक प्रकरण की जानकारी देते हुये अरविंद तिवारी, संतोष त्रिवेदी ने बताया की न्यायालय से उनके पक्ष मे दूसरी बार निर्णय आ गया है। सक्षम न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने के विषय मे पूर्व मे नपा के द्वारा दिये गये नोटिस को भी विधिवत होना पाया है। अत अब इस मामले मे जल्द से जल्द कार्यवाही होना न्यायसंगत होंगा। गौरतलब है की लंबे समय से अतिक्रमण को लेकर सुरेश कुमार दिक्षीत और अरविंद तिवारी, संतोष त्रिवेदी के बीच विवाद चल रहा है।

वार्ड एक अम्रतनगर से भी आकर जनता ने अम्रत नगर मे दूर्गा माता मंदिर के आसपास बाउडींवाल,सम्राट नगर मे 120 मीटर सीसी नाली निर्माण,श्याम नगर मे मदनपुर रोड पर हाईमास्क लगाने जैसी मांग रखी है।जनता दरबार मे आज स्थानीय सब्जी बाजार, नेहरू चैक सडक के पास गडडो, बस स्टेंड के सौदर्यीकरण कार्य, सडक निर्माण, नाली निर्माण, आवासीय पटटा मिलने जैसे अनेको विषयो मे समीक्षा की गयी। और समापन मे सबसे ज्यादा सक्रिय विनोद मेश्राम सुपरवाईजर को जन्मदिवस पर गुडडा भैया, नपा अध्यक्ष सहित पुरे नपा परिवार ने उत्साह के साथ शुभकामनाये प्रेषित की।



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## ज्ञानेश्वरी यादव को मिलेगा 30 लाख का इनाम और प्रमोशन, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय का बड़ा ऐलान..

डेस्क जगप्रेरणा।

*छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में सिल्वर मेडल जीतने वाली राज्य की वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव का शानदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर ज्ञानेश्वरी को बधाई देते हुए 30 लाख रुपये*



का इनाम देने और पुलिस विभाग में डीएसपी (DSP) के पद पर प्रमोशन देने की घोषणा की। ज्ञानेश्वरी वर्तमान में राजनांदगांव जिले में पुलिस विभाग में एएसआई (सहायक उप-निरीक्षक) के पद पर काम कर रही हैं।

### विष्णु देव साय ने ज्ञानेश्वरी यादव को दी बधाई..

छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा भारोत्तोलन मुकाबले में कुल 199 किग्रा वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उनकी इस बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी और कहा कि ज्ञानेश्वरी ने यह दिखा दिया है कि अगर मन में पक्का इरादा और मेहनत करने की लगन हो, तो कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी यह सफलता छत्तीसगढ़ के खेलों के इतिहास में एक यादगार पल है और इससे राज्य के युवाओं, खासकर लड़कियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खिलाड़ियों की मदद के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार खिलाड़ियों को अच्छी कोचिंग, बेहतरीन सुविधाएं और जरूरी सामान दे रही है ताकि वे आगे चलकर ओलंपिक और एशियन गेम्स जैसे बड़े आयोजनों में देश और राज्य का नाम रोशन कर सकें।

### अब एशियन गेम्स में मेडल जीतना चाहती हैं ज्ञानेश्वरी..

अपनी इस सफलता पर बात करते हुए ज्ञानेश्वरी ने अपने पिता को याद किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता खुद बॉडीबिल्डिंग करते थे और उन्हें रोज साइकिल पर बिठाकर जिम ले जाते थे। उनके पिता का सपना था कि जो मुकाम वे खुद हासिल नहीं कर पाए, उनकी बेटी उसे पूरा करे और देश का सिर गर्व से ऊंचा करे। ज्ञानेश्वरी ने बताया कि मुकाबले वाले दिन उनका पीरियड्स का पहला दिन था और उन्हें बहुत तेज दर्द हो रहा था। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक-एक करके अपने सारे लिफ्ट सही तरीके से पूरे किए। डीएसपी (DSP) बनने की खबर से ज्ञानेश्वरी बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि अब उनका पूरा ध्यान एक महीने बाद होने वाले एशियन गेम्स पर है, जिसकी तैयारी में वह अभी से जुट गई हैं।

## हारकर भी बाजी मार गईं शिवंगी जोशी, लॉकअप पर लगा बड़ा आरोप, लोग बोले- यही बनेगी स्क्रिप्टेड विनर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*रियालिटी शो 'लॉक-अप' अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इस हफ्ते के अंत तक शो के विजेता का आधिकारिक ऐलान कर दिया जाएगा।*



इसी बीच सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें तेजी से वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया जा रहा था कि शिवंगी जोशी ने यह खिताब अपने नाम कर लिया है। इन रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने शो के अन्य चर्चित प्रतिभागियों हर्षद चोपड़ा, श्रेया कालरा, शिल्पा शिंदे, राम कपूर, वरुण यादव और आकांक्षा चमोला को पछाड़कर जीत हासिल की है।

इन दावों के सामने आते ही इंटरनेट पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई, क्योंकि इससे पहले के एपिसोड में श्रेया कालरा को मिले खास अधिकार के तहत उन्होंने शिवंगी को बेघर करने के लिए नामांकित किया था।

### शो का बड़ा ट्विस्ट..

सोशल मीडिया पर कई लोग इस खबर को खारिज कर रहे थे, क्योंकि उनका मानना था कि श्रेया द्वारा बेघर किए जाने के बाद शिवंगी विजेता नहीं बन सकतीं। हालांकि हाल ही में प्रसारित एपिसोड में दर्शकों को एक अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिला। को-होस्ट रितेश देशमुख के सामने हर्षद चोपड़ा ने श्रेया के फैसले पर आपत्ति जताई और इसे गलत बताया। इस स्थिति को देखते हुए रितेश ने हर्षद को एक विशेष शक्ति दी, वे चाहें तो खुद फिनाले की दौड़ से बाहर होकर शिवंगी को सीधे फाइनलिस्ट बना सकते हैं। हर्षद ने बिना एक पल गंवाए यह बड़ा त्याग स्वीकार कर लिया और शो से विदा ले ली। इस फैसले के बाद शिवंगी जोशी एक बार फिर ट्रॉफी की मजबूत दावेदार बनकर उभर आईं।

### इंटरनेट पर दर्शकों का गुस्सा और मिश्रित प्रतिक्रियाएं..

जैसे ही शिवंगी के विजेता बनने से जुड़ी अफवाहें और हर्षद के शो से बाहर होने की खबर सामने आई, X पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा। कई यूजर्स ने इस पूरे घटनाक्रम को पहले से स्क्रिप्टेड करार दिया। एक यूजर ने निराशा जाहिर करते हुए लिखा कि जो प्रतिभागी पूरे सीजन मेहनत करते हैं, वे बाहर हो जाते हैं और जिन्हें कोई खास योगदान नहीं देना होता, वे जीत जाते हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने चुटकी लेते हुए कहा, 'एकता कपूर के शो में कोई भी पूरी तरह से बाहर नहीं होता, इसलिए इस मोड़ से कोई हैरानी नहीं हुई।' कुछ अन्य दर्शकों ने शिवंगी के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने बेहद चालाकी से हर्षद को अपने लिए त्याग करने के लिए राजी किया। एक भड़के हुए प्रशंसक ने लिखा, 'यह कोई रियलिटी शो नहीं, बल्कि एकता कपूर का एक और धारावाहिक लग रहा है, जहाँ हर्षद का इस्तेमाल केवल शिवंगी को आगे बढ़ाने के लिए किया गया।'

### शिवंगी का व्यक्तिगत सफर और शो की पृष्ठभूमि..

गौरतलब है कि शिवंगी जोशी और हर्षद चोपड़ा इससे पहले एकता कपूर के धारावाहिक 'बड़े अच्छे लगते हैं 4' में एक साथ काम कर चुके हैं। शो के दौरान शिवंगी ने अपने पारिवारिक संघर्षों के बारे में बात करते हुए भावुक खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि व्यापार में भारी नुकसान के बाद उनके माता-पिता ने परिवार चलाने के लिए कैंटीन में काम किया, कपड़े सिले और बर्तन तक धोए।

शिवंगी ने कहा था कि वे अपने परिवार की इकलौती कमाने वाली सदस्य हैं और उन्होंने अतीत की उन तंगहाली भरी स्थितियों से बाहर निकलने के लिए बहुत मेहनत की है। 'लॉक-अप' का निर्माण एकता कपूर की कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया गया है। इस शो की कमान बतौर को-होस्ट रितेश देशमुख और फराह खान संभाल रहे हैं, और दर्शक इसके सभी एपिसोड्स नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## बेन स्टोक्स का बड़ा खुलासा

## भविष्य में बनना चाहते हैं इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच..

डेस्क जगप्रेरणा।

*इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स अब अपने करियर की नई पारी खेलने की तैयारी में हैं। मैदान पर अपनी आक्रामक कप्तानी और ऑलराउंड प्रदर्शन से पहचान बनाने वाले स्टोक्स ने खुलासा किया है कि*



वह भविष्य में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालना चाहते हैं। उनका कहना है कि खेल से उनका रिश्ता कभी खत्म नहीं होगा और कोचिंग के जरिए वह फिर से टीम का नेतृत्व करने का सपना देखते हैं।

### इंग्लैंड का कोच बनने की जताई इच्छा..

फॉर द लव ऑफ क्रिकेट पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान 35 साल के बेन स्टोक्स ने कहा कि वह अभी से लेवल-3 कोचिंग कोर्स कर रहे हैं ताकि क्रिकेट से संन्यास के बाद उनके पास कोचिंग की पूरी योग्यता हो। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि जब उनका खेलना पूरी तरह खत्म हो जाए, तब तक उनकी कोचिंग की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हों। उन्हें पता है कि भविष्य में वह क्या करना चाहते हैं और वह है कोच बनना। अगर कभी इंग्लैंड टीम का कोच बनने का मौका मिला तो मैं जरूर यह जिम्मेदारी निभाना चाहेंगे।

स्टोक्स ने यह भी कहा कि उन्हें मैदान से बाहर भी किसी लीडरशिप रोल में रहना पसंद है। उनके मुताबिक, टीम के साथ काम करना और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करना उन्हें हमेशा आकर्षित करता रहा है। इस बातचीत के दौरान स्टोक्स ने इंग्लैंड की कप्तानी को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि उन्हें हैरानी हुई कि उनके बाद हैरी ब्रूक को टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं सौंपी गई। साथ ही उन्होंने जो रूट को कप्तान बनाए जाने पर चिंता भी जताई। गौरतलब है कि पिछले एशेज दौरे में हैरी ब्रूक को टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया था, इसलिए माना जा रहा था कि वही अगला कप्तान बनेंगे। हालांकि, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पर भरोसा जताया।

### संन्यास से वापसी का कोई इरादा नहीं..

स्टोक्स ने जून 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। उनके संन्यास से पहले इंग्लैंड का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज भी 4-1 से गंवानी पड़ी थी। इंग्लैंड ने 2024 के आखिर के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है।

इस बीच स्टोक्स ने 2027 एशेज के लिए संन्यास से वापसी की अटकलों को भी पूरी तरह खारिज कर दिया। जब पूर्व साथी खिलाड़ी जोस बटलर ने उनसे पूछा कि क्या वह वास्तव में रिटायर हो चुके हैं, तो स्टोक्स ने साफशब्दों में जवाब दिया, बिल्कुल,उनका ये फैसला अंतिम है। हालांकि, स्टोक्स अब खिलाड़ी के रूप में मैदान पर नजर नहीं आएंगे, लेकिन उनके बयान से साफहै कि वह भविष्य में ड्रेसिंग रूम में नई भूमिका निभाते हुए इंग्लैंड क्रिकेट को नई दिशा देने का सपना जरूर देखते हैं।

## प्रियंका चोपड़ा विदेश में भी बेटी को दे रहीं देशी परवरिश

## मालती मैरी को सिखाया दुर्गा सप्तशती का मंत्र..

डेस्क जगप्रेरणा।

*प्रियंका चोपड़ा की गिनती अब ग्लोबल स्टार्स में होने लगी है। बॉलीवुड में सफलता हासिल करने के बाद पिछले कई सालों से प्रियंका हॉलीवुड में एक्टिव हैं और लगातार हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स कर रही हैं। हालांकि, प्रियंका भले ही ग्लोबल स्टार बन गई हैं,*



लेकिन भारत से लगाव उनका आज भी जस का तस है, जिसकी झलक अक्सर ही देखने को मिल जाती है। प्रियंका अपनी बेटी मालती मैरी को भी अक्सर मंदिर लेकर जाती हैं और उन्हें बचपन से ही भारतीय संस्कृति और परंपराओं से रूबरू करा रही हैं। अब उनका एक वीडियो चर्चा में है, जिसमें वह मालती को श्री दुर्गा सप्तशती का मंत्र 'सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥' सिखाती नजर आ रही हैं।

### प्रियंका चोपड़ा ने बेटी को सिखाया दुर्गा सप्तशती का पाठ..

प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी फिल्मों और पर्सनल लाइफसे जुड़ी तस्वीरें-वीडियो शेयर करती रहती हैं। प्रियंका जितना अपने करियर का ध्यान रखती हैं, उतना ही उनका अपने परिवार पर फोकस रहता है। अब प्रियंका चोपड़ा ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपनी दो पर्सनालिटी दिखाई है। पहले में वह अपनी मॉम ड्यूटीज निभाती दिखीं, जहां बेटी मालती को गोद में लेकर दुर्गा सप्तशती का मंत्र सिखाती दिखीं। वहीं दूसरे में वह जमकर पार्टी करती नजर आईं।

### वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन

प्रियंका चोपड़ा के वीडियो पर अन्य सोशल मीडिया यूजर्स के साथ-साथ कई सेलेब्स ने भी रिएक्शन दिया है। श्रीमयी रेड्डी, रिद्धिमा पंडित, दृष्टि खरबंदा और अन्य सेलेब्स ने रेड हार्ट इमोजी के जरिए प्रतिक्रिया दी। वीडियो पर रिएक्ट करते हुए एक यूजर ने लिखा- 'देशी गर्ल से देशी मम्मा।' एक ने लिखा- 'ब्यूटीफुल, एक ऐसी शख्सियत जो असल मायनों में भारतीय संस्कृति और पहनावे, दोनों को अपनी रगों में बसाए हुए है!' एक और ने लिखा- 'सच कहूं तो, आप 'क्वीन' शब्द की जीती-जागती मिसाल हैं।'


### हैदराबाद में प्रियंका चोपड़ा..

प्रियंका चोपड़ा जल्दी ही 'वाराणसी' के साथ भारतीय सिनेमा में 8 साल बाद वापसी कर रही हैं। ये फिल्म 2027 में रिलीज होगी। प्रियंका हाल ही में 'वाराणसी' की शूटिंग के चलते बेटी मालती और पति निक जोनास के साथ हैदराबाद पहुंचीं। 'वाराणसी' की बात करें तो इस फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली हैं। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में हैं और उनके साथ प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ज्यादातर हिस्सों की शूटिंग हो चुकी है और अब छोटे-छोटे सीन्स की शूटिंग ही बची है।

## रुबीना दिलैक को ले जाया गया अस्पताल, 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हाई-रिस्क हेलीकॉप्टर और वॉटर स्टंट में बिगड़ी हालत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक एक बार फिर स्टंट बेस्ड रियेलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के नए सीजन यानी सीजन 15 में अपना फियरलेस अवतार दिखाती नजर आएंगी। एक्ट्रेस इससे पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुकी हैं।*



उनके साथ शो में ऋत्विक धनजानी, गौरव खन्ना, जैस्मिन भसीन, अविका गौर, हर्ष गुजराल, शगुन शर्मा, फरहाना भट्ट सहित और भी कई सेलेब्स नजर आएंगे। इस बीच रुबीना की एक तस्वीर सामने आई है, जिसने उनके फैंस को चिंता में डाल दिया है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' में एक चैलेंज का सामना करते समय रुबीना दिलैक की तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें मेडिकल इमरजेंसी का सामना करना पड़ा।

### रुबीना दिलैक को ले जाया गया अस्पताल..

सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने रुबीना दिलैक की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें रुबीना एंबुलेंस में नजर आ रही हैं। हाल ही में 'खतरों के खिलाड़ी 15' का प्रोमो भी शेयर किया गया था, जिसमें वह एक नेट में फंसी हेलीकॉप्टर से लटकी हुई दिखाई दी थीं। अब विरल भयानी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टास्क के दौरान रुबीना बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया।

### बेहोश हालत में दिखीं रुबीना..

फोटो में रुबीना को बेहोश हालत में लेटे देखा जा सकता है, जिसके बाद उन्हें मेडिकल मदद दी गई। वहीं प्रोमो की बात करें तो प्रोमो में जहां रुबीना बेहोश हो गईं तो वहीं होस्ट रोहित शेट्टी लगातार उनका नाम पुकारते दिखे। बेहोश होने के बाद रुबीना पानी में गिर गईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की बात करें तो इस साल 'फियर फंदा' नहीं होगा, बल्कि जब भी कोई कंटेस्टेंट हारेगा, उसे अपने निजी डर का सामना करना पड़ेगा।

### गौरव खन्ना को भी लगी चोट..

इससे पहले 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' और 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपना एक वीडियो शेयर किया था, जिसने उनके फैंस को चिंता में डाल दिया था। इस वीडियो में गौरव खन्ना अपनी पीठ दिखाते नजर आए, जिसमें उनकी पीठ पर चोट के निशान नजर आ रहे हैं। वीडियो के साथ गौरव ने बताया कि इसे दिखाते हुए भी उन्हें भयानक दर्द महसूस हो रहा है। यही नहीं, उन्होंने इसे अपनी जिंदगी के सबसे दर्दनाक अनुभवों में से एक बताया था।

## खुद से लगातार कह रही थी कि हर हाल में स्वर्ण पदक जीतना है: अस्मिता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडोका अस्मिता डे ने कहा कि उन्हें शुरू से पूरा भरोसा था कि वह देश के लिए इतिहास रचेंगी और यही अटूट आत्मविश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुआ।*



अस्मिता ने मंगलवार को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के आवास पर आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह के दौरान 'पीटीआई' से कहा, 'ग्लास्गो रवाना होने से पहले मेरे मन में सिर्फ एक ही लक्ष्य था कि मुझे स्वर्ण पदक जीतना है।

मैं खुद से लगातार कहती रही कि मैं स्वर्ण पदक के साथ भारत लौटूंगी।' अपने सफल अभियान पर अस्मिता ने कहा कि फाइनल मुकाबले में एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें लगा कि स्वर्ण पदक हाथ से निकल सकता है, लेकिन कोच यशपाल सोलंकी के उत्साहवर्धन ने उनका आत्मविश्वास लौटाया। उन्होंने कहा, 'फाइनल में मेरा मुकाबला कनाडा की खिलाड़ी से था। वह रैंकिंग में मुझ से थोड़ी नीचे है इसलिए मुकाबला बेहद कड़ा था। जब उसने मेरे खिलाफ अंक हासिल किया तो कुछ क्षण के लिए लगा कि शायद मैं हार जाऊंगी।'

अस्मिता ने बताया, 'मेरे कोच यशपाल सोलंकी लगातार कहते रहे कि यह स्वर्ण पदक हमारा है और मुझे हर हाल में जीतना है। उनके शब्दों से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैंने अधिक आक्रामक खेल दिखाया, स्कोर बराबर किया और मुकाबला 'गोल्डन स्कोर' तक पहुंच गया। वहां मैंने पहला अंक हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।'

अपनी सफलता के सबसे बड़े कारण पर अस्मिता ने कहा कि जूडो जैसे तकनीकी खेल में शारीरिक क्षमता से अधिक मानसिक मजबूती निर्णायक भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा, 'हम सभी खिलाड़ी लगभग एक जैसी ट्रेनिंग करते हैं। मेरे भार वर्ग में भारत की कई खिलाड़ी समान स्तर का अभ्यास करती हैं। असली अंतर मानसिकता का होता है। प्रतियोगिता के दबाव को कौन बेहतर ढंग से संभालता है, किसमें अधिक आत्मविश्वास और खुद पर भरोसा होता है, यही सफ्लता तय करता है। शारीरिक रूप से दूसरे खिलाड़ी भी मेरे जितने मजबूत हो सकते हैं, लेकिन अंततः मजबूत मानसिकता ही जीत दिलाती है।'




## लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)




दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## शब्दों की हिंसा भी व्यक्ति एवं समाज को घायल तथा आंदोलनो को दूषित कर सकती है

भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपरा का मूलाधार संवाद, सौहार्द, सहिष्णुता और विचारों के प्रति परस्पर सम्मान रहा है। यहाँ मतभेद को सदैव स्वीकार किया गया, किंतु उसे कभी मनभेद या शत्रुता का आधार नहीं बनने दिया गया। वैदिक काल से लेकर आधुनिक लोकतंत्र तक हमारी बौद्धिक परंपरा इस सत्य की साक्षी रही है कि स्वस्थ समाज वही है जहाँ असहमति को सम्मान मिले और संवाद की भाषा मर्यादित बनी रहे।

दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ वर्षों में भाषा का स्तर जिस तेजी से गिरा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। घर हो या कार्यालय, सड़क हो या संसद, चुनावी मंच हो या आंदोलन स्थल, सोशल मीडिया हो या धार्मिक मंच आदि सभी जगह कभी-कभी , अपमान एवं आपत्तिजनक तथा उत्तेजक भाषा का प्रयोग सामान्य होता जा रहा है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तियों को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की नैतिक चेतना और लोकतांत्रिक संस्कृति को भी आहत कर रही है।

हाल ही में राजधानी के जंतर-मंतर पर आयोजित एक प्रदर्शन के दौरान देश के प्रधानमंत्री सहित अन्य संवैधानिक पदों के प्रति जिस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। यद्यपि ऐसे लोगों की संख्या बहुत ही कम थी पर पूरे मर्यादित आंदोलन पर, युवा पीढ़ी पर एक डेंट तो लगा ही दिया। एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या विरोध दर्ज कराने की लोकतांत्रिक मर्यादाएँ धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं? यह चिंता केवल किसी एक घटना तक सीमित नहीं है। वस्तुतःएक प्रश्न है कि क्या सार्वजनिक जीवन में भाषाई मर्यादा का निरंतर ह्रास हमारे सामाजिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण का संकेत दे रहा है?

भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार प्रदान करता है, किंतु यह स्वतंत्रता उच्छृंखलता का पर्याय नहीं है। संविधान अभिव्यक्ति के साथ उत्तरदायित्व और मर्यादा की भी अपेक्षा करता है। किसी व्यक्ति, धर्म, जाति, भाषा, लिंग, समुदाय अथवा संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाली भाषा मेरी दृष्टि में लोकतांत्रिक अधिकार नहीं कही जा सकती। लोकतंत्र में असहमति का सम्मान है, अपमान का नहीं; आलोचना का स्वागत है, किंतु घृणा, चरित्रहनन, शब्दों की हिंसा और अश्लीलता का नहीं।यह विचार सभी उम्र के भारतीयों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

विगत वर्षों में अनेक घटनाएँ इस तथ्य की पुष्टि करती हैं कि शब्दों की हिंसा कई बार सामाजिक तनाव और हिंसा की पृष्ठभूमि तैयार करती है। सनातन धर्म और उसके धार्मिक ग्रंथों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियाँ, देवी-देवताओं के स्वरुपों का अपमानजनक चित्रण तथा विभिन्न समुदायों के प्रति अपमानजनक वक्तव्य सामाजिक सद्भाव को गहरी चोट पहुँचाते हैं। इसी प्रकार जातिगत, क्षेत्रीय, भाषाई अथवा सांप्रदायिक आधार पर की जाने वाली टिप्पणियाँ भी समाज में अविश्वास और वैमनस्य को बढ़ाती हैं तथा प्रेम, भाई चारा, आपसी सौहार्द कम करती हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज होने वाले अनेक प्रकरण इस बात के प्रमाण हैं कि शब्द केवल विवाद ही उत्पन्न नहीं करते, बल्कि सामाजिक विश्वास और पारस्परिक सम्मान की नींव भी कमजोर कर देते हैं।

सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। बिना किसी तथ्य की पुष्टि किए अपमानजनक टिप्पणियाँ, ट्रोलिंग, व्यक्तिगत चरित्रहनन तथा धार्मिक और जातीय विद्वेष फैलाने वाले संदेश कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच जाते हैं। डिजिटल मंचों पर शब्दों की यह हिंसा कई बार वास्तविक हिंसा और सामाजिक अशांति का कारण भी बन जाती है।

विडंबना यह है कि लोकतंत्र का मंदिर कही जाने वाली संसद और राज्यों की विधानसभाएँ भी इस भाषाई पतन से अछूती नहीं रही हैं। अनेक अवसरों पर सदनों की कार्यवाही से असंसदीय और अमर्यादित शब्दों को विलोपित करना पड़ा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा ने वाणी की पवित्रता और संयम को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया है। श्रीमद्भगवद्गीता में कहा गया है– ÷अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत। स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वाङ्मयं तप उच्यते॥÷ अर्थात जो वचन किसी के मन में उद्वेग उत्पन्न न करें तथा सत्य, प्रिय और हितकारी हों, वही वाणी का वास्तविक तप है। संत कबीर ने भी कहा है-

÷ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करे, आपहुँ शीतल होय॥÷

यह केवल आध्यात्मिक उपदेश नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन और लोकतांत्रिक संस्कृति का व्यावहारिक मार्गदर्शन है।

सभी वर्ग और समुदाय के लोगों को यह भी स्पष्ट रहना चाहिए कि कठोर आलोचना और अमर्यादित भाषा के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। सरकार की नीतियों की आलोचना, सामाजिक कुरीतियों का विरोध, धार्मिक अंधविश्वासों पर प्रश्न उठाना तथा वैचारिक असहमति व्यक्त करना लोकतंत्र की शक्ति है। किंतु जब आलोचना व्यक्तिगत अपमान, अश्लील भाषा, चरित्रहनन अथवा घृणा फैलाने का माध्यम बन जाए, तब वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व से विमुखता का परिचायक बन जाती है।

इस समस्या का समाधान केवल कठोर कानूनों, न्यायालयों या दंडात्मक व्यवस्था में नहीं है। कानून आवश्यक हैं, किंतु उससे भी अधिक आवश्यक है आत्मसंयम, नैतिक शिक्षा और आत्ममंथन। प्रत्येक व्यक्ति को सार्वजनिक मंच या जगह पर बोलने से पहले स्वयं से पूछना चाहिए–क्या मेरे शब्द समाज को जोड़ेंगे या तोड़ेंगे? क्या मैं यही भाषा अपने परिवार, गुरु अथवा बच्चों के सामने प्रयोग कर सकता हूँ? क्या मेरे शब्द मेरे संस्कार और व्यक्तित्व का परिचय देते हैं? यदि इन प्रश्नों के उत्तर ईमानदारी से दिए जाएँ, तो भाषा स्वतः मर्यादित हो जाएगी।

इसके साथ ही राजनीतिक दलों को अपने नेताओं के लिए भाषाई आचार संहिता का कठोर पालन सुनिश्चित करना चाहिए। धार्मिक नेताओं, सामाजिक संगठनों, मीडिया तथा डिजिटल मंचों को भी संयमित शालीन संवाद की संस्कृति विकसित करनी होगी। विद्यालयों और महाविद्यालयों में संवैधानिक मूल्यों, संवाद-कौशल और भाषाई मर्यादा को व्यवहारिक शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

किसी भी सभ्य राष्ट्र की पहचान केवल उसकी आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियों या गगनचुंबी इमारतों से नहीं होती, बल्कि उसके नागरिकों की संवाद संस्कृति, भाषाई शालीनता और वैचारिक परिपक्वता से भी होती है। शब्दों में तलवार से भी अधिक गहरे घाव देने की शक्ति होती है, किंतु वही शब्द टूटे हुए समाज को जोड़ने का माध्यम भी बन सकते हैं।

यदि भारत को विश्व मंच पर एक परिपक्व लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ आगे बढ़ना है, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि शब्दों की हिंसा अंततः किसी व्यक्ति, दल या विचारधारा का नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का अहित करती है। इसलिए समय की माँग है कि हम भले ही असहमति को बनाए रखें, पर उसकी अभिव्यक्ति सदैव संयम, शिष्टता और लोकतांत्रिक मर्यादा के साथ करें।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## चावल घोटाला..

प्राकृतिक संपदा पर किसने है डाका डाला,
अवैध रेत खनन में ना नदी बची ना नाला।
हमारा बालाघाट दो ही चीजों में मशहूर है,
एक है डबल मनी और दुसरा चावल घोटाला।

जितने भी चोर, माफिया दलाल बड़े हैं,
शासन-प्रशासन के लोग उनके साथ खड़े हैं।
ये जो गली मोहल्ले
में नशा कर पड़े हैं,
बहुत पहले हक
की लड़ाई लड़ें है।

विपक्ष भी तुम,
सरकार भी तुम,
चोर भी तुम ही,
साहुकार भी तुम।
कौन उठायेगा
जनहित के मुद्दे यहां,
टीवी भी तुम,
अखबार भी तुम।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*


## बो-लिये..


बोलने का अर्थ
नहीं कुछ भी बोलिये.
जब बोलना न आए
तो मुख भी न खोलिये.
बोलिये संयम के
शब्द, लगे नहीं बुरा.
या बोलने के पहले
स्वयं के स्व को तौलिये.
मिसरी से मीठे बोल
बिगड़े काम बनाते.
वाणी में सदैव अपनी
जरा मिठास घोलिये.
बोलना है बोलिये,
कुछ ऐसा बोलिये,
सब कहते रहें बोलिये,
कुछ और बोलिये.
बोलना ऐसा भी
क्या है बोलना 'शशि'-
बोलने गए तो
आसपास कांटे बो- लिये.

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 238



ck;s ls nk;s & 1) प्रकृति, ईश्वरीय शक्ति 5) मादक वस्तुओं पर नियन्त्रण रखनेवाला सरकारी विभाग 8) फूल 10) बेवजह, व्यर्थ 13) सफद रंग का एक बड़ा पक्षी 15) किसी बात को चाहने वाला 17) स्त्री, महिला 18) एक धातु 19) छेने की एक मिठाई 21) धब्बा 22) कांख 24) बेकार, असफल 26) फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के एक पुत्र का नाम 29) अकबर पुत्र सलीम की प्रियतमा 31) किसी वस्तु को बनाने में लगने वाला खर्च 34) शासन क्षरा सस्ते दाम पर अनाज बेचने के लिए की गयी व्यवस्था 35) नरगिस, राज कुमार, सुनील दत्त, राजेन्द्र कुमार की एक पुरानी यादगार फिल्म 38) लौटाना 40) राक्षस, असुर 41) मर्म, रहस्य, गुप्त बात 43) प्रथा, रिवाज 45) मालूम न होने की स्थिती 46) पानी 47) कृपा करना, तारीफ करना 49) क्रम से नव्वे नंबर पर आनेवाला, नया 51) दी गयी अवधि 53) सिर के आपस में गुंथे व लिपटे बालों वाली लटें 54) पुरुषों का 55) जबरदस्ती करना या व्यर्थ का ताव दिखाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 57) प्रशंसासूचक एक शब्द 59) साहूकार 60) जो समान न हो 62) रोटी सेंकने का लोहे का गोल उपकरण 63) दूध 65) मुसलमानों का एक तीर्थस्थान 66) प्रसिद्ध, मशहूर 67) अंधेरा 69) कपड़े धोने का एक साबुन उत्पादन 70) तत्पुरुष, बहुब्रीहि, कर्मधरम आदि 71) जीत 72) जीवनयापन 75) सूजी से बनाया जाने वाला एक मीठा खाद्य व्यंजन 76) बरसात 78) सरकारी आदेश 80) आटा छानने का एक जालीदार उपकरण 81) पर्यन्त 82) बहुत बड़ा शहर 84) क्रिकेट के वंडरब्वॉय सचीन तेंडूलकर के पिताजी का नाम 85) मालूम करना 87) सिरदर्द होने पर लगाई जाने वाली औषधी या लेप 88) स्नानघर 90) कौरवों की संख्या 91) गऊ, गाय 92) वस्त्र, कपड़ा 93) नमूना 95) धूम्र 97) जोर का वार 100) पीहर 102) एक सांप जिसका श्रीकृष्ण ने मर्दन किया था 104) यदि ऐसा होता अर्थवाला एक पछतावा भरा शब्द 106) छेद 108) बहुत बड़ा और विस्तृत 110) भारत का एक राजनीतिक दल 112) पश्चात 113) सब, कुल 114) मुआवजा 115) फिल्मों या नाटक में दुष्ट प्रवृत्ति का पात्र 116) देह, शरीर 117) महाभारत में धृतराष्ट्र की पत्नी

Aij ls uhps !& 1) कागज को चूहेद्वारा धीरे धीरे दांत से काटना 2) समूह 3) ईश्वर (उर्दू) 4) तकाजा, उत्तेजना या प्रेरणा 6) पहले से ही तैयार 7) शिल्पकार, कारागिरी करनेवाला 8) सुंदर या सुंदर दिखाई देना 9) कुछ उष्ण और कुछ मुलायम, अमोल पालेकर की एक फिल्म 10) शांति 11) एक रंग 12) धनवान 14) सहज, आसान 16) नस 20) आज्ञा, हुकूम 23) पक्षाघात 25) एकदम काला (व्यक्ति) 27) दीपदान, आरती का पात्र 28) सिंह 29) अटल 30) पोतना 32) पेड़ का धड़ 33) कदर करनेवाला 35) खतम कराना, कतल कराना 36) रावण के सिरों की संख्या 37) एक विदेशी शराब 39) समाजवाद के पक्षधर 42) विष्णु का एक नाम 44) शरीर 46) कमल का फूल 48) उत्तराधिकारी 49) सबक, उपदेश 50) घी या तेल में पकाये गये खाद्य पदार्थ 51) मछली के आंखो के समान सुंदर आंखोवाली 52) औषधी 54) महोदय 56) प्रथा, चलन 58) साथ में सफर करनेवाला 60) धनी, रईस 61) खिन्न, उदास, निराश 64) श्रीकृष्णप्रेमी एक पुराने मुस्लिम कवि 66) सुकुमारी 68) सरकारी विभाग 71) महाभारत में उल्लिखित वह राजा जिसने सर्पयज्ञ किया था 72) एक प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार एवं कवि 73) क्रिकेट की बैट 74) दया, कृपा 76) विस्फोटक गोला 77) बचाखुचा 79) पीट 81) की गयी सूक्ष्म जांच 83) हाथी 86) अवयस्क 87) विद्रोही 89) मकरंद, शहद 94) नवीन 96) अश्रु 97) तीव्र, तीक्ष्ण 98) ....... टंडन, फिल्म 'मोहरा' की हीरोईन 99) जो दिखाई न दे, अगोचर, अदृश्य 100) अर्थ 101) कामी, दुराचारी 102) बड़ी दरी, गलीचा 103) सुंदर स्त्री, रुपसी 105) मोमबत्ती, दिया (उर्दू) 107) मार्ग, पथ 109) समय, मृत्यु 111) विचार 112) व्यवधान (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433

# देश की उपभोक्ता अर्थव्यवस्था 2030 तक 1,900 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमानः रिपोर्ट..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***देश में उपभोक्ता आधारित अर्थव्यवस्था 2030 तक 1,900 अरब डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से उपयोग, उपभोक्ताओं की बदलती पसंद और नए वाणिज्य मॉडल के उभरने से होगी।***




डेलॉयट इंडिया-फिक्की की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स क्षेत्र यानी ऑनलाइन बाजार 2030 तक करीब 260 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जबकि फटाफट सामान पहुंचाने वाले क्षेत्र का आकार 50 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। 'उपभोक्ता रुझान : वृद्धि और संचालन को नई गति' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई अपनाने के मामले में भारत शीर्ष 15 देशों में पहले स्थान पर है। कंपनियां उपभोक्ता जुड़ाव, उत्पाद नवोन्मेष और मांग अनुमान जैसे क्षेत्रों में तेजी से एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धि और संचालन व्यवस्था अब एक-दूसरे से तेजी से जुड़ रहे हैं। डिजिटल भरोसा, पारदर्शिता और नियामकीय स्पष्टता दीर्घकालीन प्रतिस्पर्धी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण कारक बनकर उभर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक नया भारतीय उपभोक्ता वर्ग उभर रहा है। यह वर्ग डिजिटल को अपनाने, एआई आधारित उत्पाद खोज और सुविधा और पारदर्शिता को महत्व दे रहा है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार और उपभोक्ता उद्योग के प्रमुख आनंद रामनाथन ने कहा, ''भारत की उपभोक्ता अर्थव्यवस्था 2030 तक 1,900 अरब डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। इससे उन इकाइयों के लिए बड़े अवसर पैदा होंगे जो तेजी से बदलती उपभोक्ता अपेक्षाओं और बाजार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगी।'' उन्होंने कहा कि भविष्य में वृद्धि इस बात पर अधिक निर्भर करेगी कि कंपनियां एआई का कितना प्रभावी इस्तेमाल करती हैं, अपनी परिचालन क्षमता को कितना मजबूत बनाती हैं, जुड़े हुए वाणिज्य तंत्र में किस तरह भाग लेती हैं और उपभोक्ता जानकारी को अलग पहचान वाले अनुभवों में कैसे बदलती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आपूर्ति श्रृंखला पहले मुख्य रूप से दक्षता पर केंद्रित थी, लेकिन अब बेहतर योजना, पूर्वानुमान और विविध स्रोतों में निवेश के जरिये इसे अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में भारत के एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान), खुदरा और ई-कॉमर्स क्षेत्रों को प्रभावित करने वाले छह प्रमुख रुझानों की पहचान की है। इनमें एआई आधारित कारोबारी बदलाव, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं, वाणिज्य परिवेश का विस्तार, भारतीय उपभोक्ता ब्रांड का बढ़ता वैश्वीकरण आदि शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 74 प्रतिशत उपभोक्ता खरीदारी से पहले उत्पादों में मौजूद सामग्री या पोषण संबंधी जानकारी की समीक्षा करते हैं, जबकि 63 प्रतिशत उपभोक्ता उत्पादों का चयन उनकी संरचना और सामग्री के आधार पर करते हैं। आधे से अधिक उपभोक्ता बेहतर स्वास्थ्य और पारदर्शिता से जुड़े मानकों की तलाश में ब्रांड बदल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई अपनाने के मामले में भारत शीर्ष 15 देशों में पहले स्थान पर है। कंपनियां उपभोक्ता जुड़ाव, उत्पाद नवोन्मेष, मांग अनुमान और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तेजी से इस प्रौद्योगिकी को अपना रही हैं।

# खाद्य नियामक के '100 प्रतिशत' के दावे पर रोक आदेश के खिलाफ कानूनी सलाह ले रही है डाबर..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा डाबर इंडिया के '100 प्रतिशत' के दावे वाले उत्पादों की बिक्री रोकने के आदेश के खिलाफ कंपनी कानूनी सलाह ले रही है। एक दिन पहले नियामक ने यह आदेश दिया था।***




देश की इस बड़ी एफएमसीजी कंपनी ने कहा कि वह आगे की कार्रवाई के लिए ÷कानूनी सलाह ले रही है। इससे संकेत मिलता है कि रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी खाद्य नियामक के खिलाफकानूनी रास्ता अपना सकती है।

डाबर ने कहा कि उसने एफएसएसएआई के आदेश में बताए गए उत्पादों के लेबल, विज्ञापनों और वेबसाइट सामग्री में '100 प्रतिशत' दावे को हटाने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी थी और ज़्यादातर बदलाव या तो पूरे हो चुके हैं या अभी चल रहे हैं।

कंपनी ने कहा कि वह नियामक को जवाब दे रही है और मामले को सुलझाने के लिए एफएसएसएआई के साथ सकारात्मक रूप से बातचीत जारी रखेगी। हालांकि, कंपनी ने यह भी कहा, ''डाबर आगे की कार्रवाई के बारे में कानूनी सलाह भी ले रही है।'' सोमवार को, खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने कहा था कि उसने डाबर इंडिया को शहद, गाय का घी और खाने के तेल जैसे कई उत्पादों को '100 प्रतिशत' दावे के साथ बेचने से रोक दिया है, क्योंकि ऐसी लेबलिंग कानून के खिलाफहै।

सोशल मीडिया पोस्ट में एफएसएसएआई ने बताया कि उसने डाबर इंडिया लिमिटेड को गुमराह करने वाले '100 प्रतिशत' दावे वाले खाद्य उत्पादों - जैसे शहद, एप्पल साइडर विनेगर, वर्जिन कोकोनट ऑयल, तिल का तेल, गाय का घी, नारियल पानी और ऐसी ही अन्य चीज़ें - की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

इसके उलट, डाबर इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसके उत्पादों के लेबल पर दी गई जानकारी मौजूदा कानूनी और नियामकीय नियमों के अनुरूप है।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ÷डाबर इंडिया का मानना है कि हमारे उत्पादों के लेबल पर दी गई जानकारी मौजूदा कानूनी और नियामकीय नियमों के मुताबिक है और लंबे समय से चली आ रही उद्योग की परंपराओं के अनुरूप है। डाबर अपने उत्पादों की शुद्धता और गुणवत्ता पर कायम है और उसने कभी कोई गुमराह करने वाला दावा नहीं किया है।÷

नियमों के उल्लंघन के बारे में जानकारी देते हुए, एफएसएसएआई ने कहा था कि ÷कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों पर '100 प्रतिशत प्राकृतिक', '100 प्रतिशत शुद्ध', '100 प्रतिशत शुद्धता की गारंटी', '100 प्रतिशत जैविक' और '100 प्रतिशत टेंडर कोकोनट वॉटर' जैसे गुमराह करने वाले '100 प्रतिशत' वाले दावे पाए गए।÷

नियामक ने कहा कि '100 प्रतिशत वाले दावों का इस्तेमाल एफएसएस (विज्ञापन और दावे) कानून, 2018 का उल्लंघन है, क्योंकि ये दावे अस्पष्ट और ऐसे हैं जिनकी पुष्टि नहीं की जा सकती और जिनसे ग्राहकों के गुमराह होने की संभावना है।

# रीट, इनविट यूनिट के बदले डिपॉजिटरी रसीद की अनुमति देने पर सेबी कर रहा विचार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) की यूनिट के बदले डिपॉजिटरी रसीद (डीआर) जारी करने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया है।***

इसका उद्देश्य विदेशी निवेशकों के लिए निवेश के विकल्प बढ़ाना और विदेशी पूंजी आकर्षित करना है। डिपॉजिटरी रसीद किसी भारतीय कंपनी या निवेश ट्रस्ट की प्रतिभूति में विदेशी निवेश का एक माध्यम है। इसके जरिये विदेशी निवेशक विदेशी मुद्रा में उस प्रतिभूति में निवेश और कारोबार कर सकते हैं।

प्रस्तावित रूपरेखा के तहत रीट और सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध इनविट को स्वीकृत विदेशी क्षेत्रों में डीआर जारी करने की अनुमति दी जाएगी। इससे विदेशी निवेशक ऐसे साधनों में विदेशी मुद्रा में अनुमति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय शेयर बाजार में कारोबार कर सकेंगे।

हालांकि, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निजी रूप से सूचीबद्ध इनविट को इस रूपरेखा के दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव किया है। अपने परामर्श पत्र में नियामक ने कहा कि रीट और इनविट की यूनिट के लिए डीआर जारी करने की रूपरेखा उन्हें अनुमति प्राप्त क्षेत्रों में डिपाजिटरी रसीद जारी करने में सक्षम बनाएगा, जिससे विदेशी निवेशकों को निवेश का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।

सेबी ने कहा, ''यह विदेशी निवेशकों के लिए लाभकारी होगा, क्योंकि डीआर उन्हें अनुमति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विदेशी मुद्रा में कारोबार की सुविधा प्रदान करते हैं। इससे रीट और इनविट में विदेशी पूंजी आकर्षित करने में भी मदद मिलेगी।''

फिलहाल रीट और इनविट की यूनिट भारतीय रुपये में मूल्यांकित होती हैं और भारत में मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होती हैं। ये ट्रस्ट भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अधीन विदेशी निवेशकों को यूनिट जारी कर सकते हैं। सेबी ने कहा कि रीट और इनविट की यूनिट डिपॉजिटरी रसीद योजना, 2014 के तहत 'अनुमति प्राप्त प्रतिभूतियों' की श्रेणी में आती हैं। इसके अलावा, विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण साधन) नियम, 2019 के तहत भारत से बाहर रहने वाले व्यक्तियों को रीट और इनविट यूनिट में निवेश की अनुमति है।

इस तरह मौजूदा डीआर योजना और विदेशी निवेश नियम रीट और इनविट यूनिट के बदले डीआर जारी करने की अनुमति देते हैं। हालांकि, वर्तमान में सेबी के रीट और इनविट नियमों के तहत ऐसी व्यवस्था के लिए कोई प्रावधान या रूपरेखा मौजूद नहीं है।

इस अंतर को दूर करने के लिए सेबी ने रीट विनियमन और इनविट विनियमन में ऐसे प्रावधान जोड़ने का प्रस्ताव किया है। इससे रीट और सार्वजनिक रूप से पेश किए गए इनविट की यूनिट के बदले डीआर जारी किए जा सकेंगे। इसके लिए नियामक द्वारा तय नियमों और शर्तों का पालन करना होगा। सेबी ने इन प्रस्तावों पर 25 अगस्त तक आम लोगों से सुझाव मांगे हैं।

# एलआईसी की बिक्री पेशकश को अच्छी प्रतिक्रिया, 36,400 करोड़ रुपये की अबतक की सर्वाधिक बोली

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री को मंगलवार को संस्थागत निवेशकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिली। निवेशकों ने इसके लिए 36,400 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। यह किसी बिक्री पेशकश के लिए अबतक की सर्वाधिक बोली है।***




एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के चार साल बाद अब सरकार बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी में अपनी 6.5 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी बेच रही है। इस ओएफएस का आकार आगामी बड़े आईपीओ जैसे एनएसई और रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित निर्गमों के बराबर है।

सरकार ने आईपीओ के तहत एलआईसी में 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

ओएफएस में 2.5 प्रतिशत आधार पेशकश शामिल है, जबकि इसमें चार प्रतिशत का 'ग्रीनशू 'यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे रखने का विकल्प रखा गया है। इसके उपयोग से कुल बिक्री का आकार 6.5 प्रतिशत हो जाएगा, जिसमें एलआईसी के 82.22 करोड़ शेयर शामिल हैं।

संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 94.45 करोड़ से अधिक शेयर के लिए बोली लगाई। इन बोलियों का संकेतात्मक मूल्य 383.84 रुपये प्रति शेयर रहा। इस कीमत पर बोलियों का कुल मूल्य करीब 36,400 करोड़ रुपये बैठता है।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि सरकार ने अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। इसके तहत करीब 50.60 करोड़ अतिरिक्त इक्विटी शेयर (निगम की कुल चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का चार प्रतिशत) की बिक्री की जाएगी।

एलआईसी ने कहा कि पेशकश का 10 प्रतिशत यानी 8.22 करोड़ शेयर खुदरा निवेशकों के लिए उपलब्ध होंगे, जो बुधवार को बोली लगा सकेंगे।

कंपनी ने कहा, ''कट-ऑफ कीमत यानी निर्धारित अंतिम कीमत पर बोली लगाने वाले केवल खुदरा निवेशकों और कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 10 रुपये की छूट दी जाएगी।''

निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एलआईसी ओएफएस के लिए संस्थागत निवेशकों ने इसकी मूल पेशकश के मुकाबले 3.32 गुना अधिक बोली लगायी है।

उन्होंने कहा, ''यह उत्साहपूर्ण भागीदारी मजबूत निवेशक भरोसे और भारत के पूंजी बाजारों की मजबूती को बताती है।''

एलआईसी का शेयर मंगलवार को बीएसई में 7.86 प्रतिशत टूटकर 391 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 4.95 लाख करोड़ रुपये रहा।

बिक्री पेशकश के लिए 382 रुपये प्रति शेयर का न्यूनतम मूल्य तय किया गया है, जो सोमवार के बीएसई के बंद भाव 424.35 रुपये से 10 प्रतिशत कम है।

न्यूनतम कीमत पर 82.22 करोड़ से अधिक शेयर यानी 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से सरकार को करीब 31,000 करोड़ रुपये मिल सकते हैं।

यह हिस्सेदारी बिक्री एलआईसी को बाजार नियामक सेबी की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की अनिवार्यता को तय समय से पहले पूरा करने में मदद करेगी। सेबी ने एलआईसी को 16 मई, 2027 तक न्यूनतम 10 प्रतिशत सार्वजनिक हिस्सेदारी हासिल करने का समय दिया है।

फिलहाल एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी 96.5 प्रतिशत है।

सरकार ने इससे पहले मई, 2022 में आईपीओ के जरिये एलआईसी की 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। उस समय प्रति शेयर कीमत दायरा 902-949 रुपये था और इससे करीब 21,000 करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

एलआईसी के निदेशक मंडल ने अप्रैल, 2026 में एक के बदले एक 'बोनस शेयर' जारी करने को मंजूरी दी थी।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक सात सार्वजनिक उपक्रमों में हिस्सेदारी बिक्री और भारतीय यूनिट ट्रस्ट के निर्दिष्ट उपक्रम (एसयूयूटीआई) से प्राप्त राशि के जरिये 21,082 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# पेट्रोल में एथनॉल मिलाने की नीति को लेकर किसानों की राय पर विचार करेगी सरकार : चौहान

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सरकार पेट्रोल में एथनॉल मिलाने (ब्लेंडिंग) की नीति के संदर्भ में किसानों की राय पर विचार करेगी। उन्होंने 'ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी'***




(एआईकेसीसी) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद यह बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की थी कि इस योजना का फायदा कंपनियों और बिचौलियों के बजाय किसानों तक पहुंचे। चौहान ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सरकार का दृष्टिकोण यह पक्का करना है कि एथनॉल कार्यक्रम से होने वाला फायदा पूरी मूल्य श्रृंखला- ''खेत से लेकर ईंधन टैंक तक''- में बंटे। लेकिन फायदे का सबसे बड़ा हिस्सा किसानों को मिलना चाहिए।

एआईकेसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद भूपिंदर सिंह मान ने किया। इसमें बिनोद आनंद, गुरुसाहब सिंह मान और गुणवंत पाटिल समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

एक सरकारी बयान के अनुसार, चौहान ने कहा कि एथनॉल से देश की ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की आर्थिक स्थिति, दोनों मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस कार्यक्रम के तहत किसी फसल या राज्य के साथ अन्याय न हो।

उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि मक्का, चावल, गन्ना और अन्य फीडस्टॉक (कच्चे माल) की कीमतों और मांग के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए नीति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि फैसले किसानों – खासकर मक्का उगाने वाले कृषकों – के हितों को प्राथमिकता देते हुए लिए जाएंगे।

चौहान ने कहा कि एथनॉल पर वैज्ञानिक अध्ययनों और तकनीकी रिपोर्ट का इस्तेमाल 'नकारात्मक बातों' का जवाब देने के लिए किया जाएगा और इस मुद्दे पर किसानों के साथ तथ्यों पर आधारित बातचीत की जाएगी।

किसानों के प्रतिनिधियों ने एथनॉल कार्यक्रम का समर्थन करते हुए जोर दिया कि इसका असली फायदा किसानों तक पहुंचना चाहिए न कि यह सिर्फ कंपनियों या बिचौलियों तक सीमित रहे।

कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही गलत जानकारी की ओर इशारा किया, जिसमें कहा जाता है कि एथनॉल से गाड़ियों को नुकसान होता है या किसानों को घाटा होता है।

उन्होंने कृषि मंत्रालय और किसान संगठनों से मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन फसलों को एथनॉल से फायदा होगा, और ज्यादा पानी वाली फसलों से हटकर सूखे का सामना करने वाली फसलों की ओर कैसे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने विभिन्न मीडिया मंचों के जरिये युवा पीढ़ी के सामने एथनॉल की सही तस्वीर पेश करने की भी बात कही। किसान नेताओं ने कहा कि वे कृषि उत्पादों को मंडियों से आगे पेट्रोल पंप और ऊर्जा बाजार तक पहुंचाने में मदद करेंगे, जिससे किसानों के लिए एक नया रास्ता खुलेगा।

एआईकेसीसी के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे जमीनी स्तर पर एथनॉल के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए काम करेंगे और किसानों के हित में नीति बनाने की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि बैठक का मुख्य मुद्दा एथनॉल था, लेकिन दोनों पक्षों ने किसानों की आय, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), बाजार और राष्ट्रीय कृषि नीति जैसे अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

# इमामी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 15 प्रतिशत घटकर 139 करोड़ रुपये पर..

कोलकाता, (भाषा)।

***रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में लगभग 15 प्रतिशत घटकर 138.94 करोड़ रुपये रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, महंगाई के दबाव और पश्चिम एशिया संघर्ष से पैदा हुई बाधाओं के बीच खर्च बढ़ने से कंपनी के लाभ पर असर पड़ा।***

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 164.26 करोड़ रुपये था।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 15 प्रतिशत बढ़कर 1,039.21 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 904.09 करोड़ रुपये थी।

कंपनी ने मंगलवार को बताया कि हालांकि, एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 182.22 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में 163.09 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च लगभग 18 प्रतिशत बढ़कर 813.03 करोड़ रुपये हो गया। कच्चे तेल से जुड़े कच्चे माल और पैकेजिंग सामग्री सहित अन्य प्रमुख लागत में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का सकल लाभ मार्जिन 3.6 अंक घटकर 65.8 प्रतिशत रह गया। हालांकि, लागत नियंत्रण और परिचालन दक्षता के बल पर कंपनी की कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) छह प्रतिशत बढ़कर 226 करोड़ रुपये हो गई। क्षेत्रवार आधार पर भारत में परिचालन आय लगभग 20 प्रतिशत बढ़कर 911.96 करोड़ रुपये रही, जबकि अंतरराष्ट्रीय कारोबार से आय करीब 10 प्रतिशत घटकर 127.25 करोड़ रुपये रह गई।

इमामी के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हर्ष वी. अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों, महंगाई और असामान्य गर्मी के मौसम के बावजूद कंपनी ने मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी की विकास रणनीति के प्रमुख आधार बनते जा रहे हैं।

कपंनी के वाइस चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक मोहन गोयनका ने कहा कि अनुशासित क्रियान्वयन, लागत नियंत्रण और परिचालन दक्षता के कारण कंपनी बढ़ी हुई लागत के बावजूद आय में वृद्धि दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिंस कीमतों में नरमी और नए उत्पादों की मजबूत श्रृंखला से आगे लाभप्रदता को समर्थन मिलेगा।

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# पटवारी संवर्ग ने वर्षो से लंबित 05 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के पटवारी संवर्ग ने वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण हेतु तहसील कार्यालय किरनापुर के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी हैं।***

जानकारी मे संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल द्वारा सतत संघर्षरत होकर विभिन्न माध्यमों से अपनी मांगों को शासन स्तर तक प्रस्तुत करता रहा है। इसी तारतम्य में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मुख्यमंत्री आवास पर भेंट कर अपनी उक्त समस्याओ के निराकरण हेतु पटवारी महाधिवेशन का आमंत्रण दिया गया था। जिसे माननीय महोदय द्वारा स्वीकार कर माह नवंबर 2025 का समय देकर दिनांक व समय पृथक से सुनिश्चित कर संगठन को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया था।

किंतु संगठन द्वारा लगातार प्रयास के बावजूद भी माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से महाधिवेशन हेतु कोई तारीख सुनिश्चित की गई तथा ना ही पटवारियों की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का न्यायोचित निराकरण कर आदेश प्रसारित किए गये है। जिससे पटवारी संवर्ग खुद को शोषित एवं उपेक्षित महसूस कर रहा है। पटवारी संवर्ग की 05 सूत्रीय मांग जो निम्नानुसार है। जिनमे **1.कैडर रिव्यू लागू एवं पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान :-** पटवारी संवर्ग की विगत कई वर्षों से लंबित वेतनमान विसंगति को दूर करने के लिए शासन द्वारा तैयार कैडर रिव्यू का प्रस्ताव जो शासन स्तर पर ही लंबित है। उसे तत्काल लागू किया जाए। वर्तमान में मध्य प्रदेश में प्रदेश के सभी कर्मचारी पदो की पदोन्नति आदेश जारी किए जा रहे हैं, किंतु पटवारी संवर्ग को वंचित रखा गया है। जो अत्यंत अन्यायपूर्ण है। पटवारियों को कैडर रिव्यू का लाभ प्राप्त ना होने तक पदोन्नति का लाभ दिया जाए। इसी प्रकार पदोन्नति से शेष रहे पटवारियों को उसके पदोन्नति पद के सापेक्ष में समयमान वेतनमान का लाभ अति शीघ्र दिया जाए।






**2- नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करने हेतू:-** पटवारी संवर्ग के लिए विभागीय परीक्षा विगत 25 वर्षों में सिर्फएक बार वर्ष 2018 के पश्चात आज तक विभागीय परीक्षा आयोजित नहीं हुई है। इसे शीघ्र आयोजित करवाई जावे। इसमें विभाग में शामिल विषयों को ही सिलेबस का आधार मानकर उसके अनुसार परीक्षा आयोजित की जाए।

**3. जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करने हेतु प्राय:** यह देखा जा रहा है की वसीयत एवं अन्य राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों में पटवारी केवल प्रतिवेदन करता है। उसके गुण दोष की जांच करना तथा निर्णय कर आदेश प्रसारित करना न्यायालय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का कार्य है। लेकिन कुछ मामलों में पटवारी पर सीधे स्त्रढ्क्र की गई है। जो की अत्यंत गलत होकर विधिसम्मत तथा न्यायसंगत नहीं है। इस हेतु पटवारियों को भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के साथ जज प्रोडक्शन एक्ट में शामिल किया जाए।

**4. वित्तीय लंबित भुगतान हेतु:-** प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारी के द्वारा शासन कई कार्यों को स्वयं के व्यय के साथ पूर्ण किया गया है। जिसके मानदेय भुगतान भी कई जिलों में नहीं हुआ है। जैसे स्वामित्व भुगतान, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आयडी केम्प तथा अन्य जिनका भुगतान प्रदेश के समस्त पटवारियों को प्राप्त होना सुनिश्चित किया जावे। उक्त योजनाओं के वर्षों के लंबित मानदेयों का भुगतान ना होने की स्थिति में प्रदेश का पटवारी आगामी योजना के कार्यों का बहिष्कार करते हुए उनके कार्य से विरत रहेगा।

**5. पदाधिकारियों के नियम विरुद्ध हुए स्थानांतरण :-** मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है। जिनके पदाधिकारियों को शासन की स्थानांतरण नीति 2026 क्रं. 35 अनुसार स्थानांतरण में छूट प्रदान की गई है। किंतु कर्मचारी हितों के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाने के कारण पटवारी संघ के पदाधिकारियों को जिले के अधिकारियों द्वारा विशेष रुप से प्रताड़ित कर उनका स्थानांतरण नीति विरूद्ध किया गया है। जो खुद शासन की स्थानांतरण नीति के खिलाफ है जिला कलेक्टर महोदय को उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के बाद भी कोई विचार, न्यायोचित कार्रवाई या जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। जिसे संज्ञान में लेकर पटवारी संघ के पदाधिकारियों के नीति विरूद्ध स्थानांतरण निरस्त करने हेतु जिला कलेक्टर को निर्देशित किया जावे। इसी प्रकार कर्मचारियों की समस्यायों के उचित निराकरण हेतु परामर्शदात्री का भी नियमित आयोजन किया जावे। जिससे पटवारी संवर्ग अपनी उचित समस्या के निराकरण हेतु अपना पक्ष प्रस्तुत कर सके। संगठन पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन किया है कि मध्य प्रदेश पटवारी संघ को उनकी उक्त पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु पटवारी संघ के पदाधिकारियों को आमंत्रित कर निदान करने का कष्ट करें या उक्त मांगों के निराकरण हेतु आदेश प्रसारित करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें। प्रदेश का समस्त पटवारी संवर्ग इस समय आपकी ओर आशाविन्त होकर देख रहा है। प्रदेश के पटवारियों की उक्त 05 सूत्रीय मांगों का निराकरण आगामी 07 दिनों में ना होने की स्थिति में मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के प्रादेशिक आव्हान पर प्रदेश का समस्त पटवारी दिनांक 15/07/2026 से 17/07/2026 तक सांकेतिक आंदोलन के रूप तीन दिवसीय सामुहिक अवकाश लेने हेतु बाध्य होगा। साथ ही आगामी चरणबद्ध आंदोलन हेतु अग्रसर होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दौरान पटवारी गजेन्द्र चित्रीव, राजकुमार लिल्हारे, फुलेश मानेश्वर, विनय सोनवाने, प्रवीण बडगैया, सत्यप्रकाश धारणे, शैलेन्द्र गरदे, ज्योति बेलवंशी, साधना लिल्हारे, कविता राजपूत, दामिनी सैयाम सहित बड़ी संख्या मे पटवारी साथियों की मौजूदगी रही।

# चयनित व प्रशिक्षित एनिमेटर से ही कराए सोशल आडिट..



## एनिमेटर संघ ने विधायक कर्राहे को सौंपा ज्ञापन..

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम विकास सामाजिक एनीमेटर संघ, बालाघाट के प्रतिनिधिमंडल ने 4 अगस्त को विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर पहुंच कर उन्हें ज्ञापन सौंपा एवं केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण***

(सोशल ऑडिट) का कार्य केवल पूर्व से चयनित एवं प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों से ही कराए जाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2019 में चयनित एवं प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों ने मनरेगा सहित अनेक शासकीय योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण सफलतापूर्वक किया है।

इसके बावजूद पिछले एक वर्ष से उन्हें कोई कार्य नहीं दिया गया है तथा पूर्व में किए गए कार्यों का मानदेय भी लंबित है। संघ ने मांग की है कि वर्तमान में प्रस्तावित मध्याह्न भोजन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी योजनाओं का सोशल ऑडिट प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों के माध्यम से ही कराया जाए। संघ ने ज्ञापन में यह भी कहा कि यदि सामाजिक अंकेक्षण का कार्य बाहरी एजेंसियों अथवा अप्रशिक्षित व्यक्तियों को दिया जाता है तो इससे प्रशिक्षित एनीमेटरों की उपेक्षा होगी, शासन के प्रशिक्षण पर किए गए व्यय का उचित उपयोग नहीं हो सकेगा तथा सामाजिक अंकेक्षण की गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रभावित होगी।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों को नियमित रूप से कार्य उपलब्ध कराया जाए, लंबित मानदेय का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था को पूर्ववत प्रशिक्षित ग्राम सामाजिक एनीमेटरों के माध्यम से संचालित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के झनकराम घोरमारे, अजय बिल्हारे, प्रहलाद बावनकर, अश्विन उके, सुनीता सिहोरे, अनिता बिसेने, सविता बोपचे, सुषमा दाते, संध्या भास्कर, आशा लिल्हारे तथा रामकली नगपुरे सहित अन्य ग्राम के सामाजिक एनीमेटर उपस्थित रहे।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433


**ग्राम पंचायत अमेडा (पा) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।**

**।। निविदा ।।**

क्रमांक/ग्रा.पं./2026 दिनांक -04/08/ 2026

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमेडा (पा) जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट, ईट, प्लंबर सामग्री, टाइल, पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट, कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर टेबल, पेवर ब्लॉक, स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 05 अगस्त 2026 से 10 अगस्त 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच
श्रीमती ठगुबाई मोहनलाल बिछोड़े

सचिव
पवनकुमार कंकरायने

सहा. सचिव - प्रदीप रावते एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अमेडा (पा) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

# विश्व स्तनपान सप्ताह: माँ का दूध शिशुओं के लिए अमृत समान..







जगप्रेरणा लांजी।

***आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड पार्षद प्रेमलता खोब्रागडे के द्वारा***

मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुई। इसके बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित महिलाओं को स्तनपान के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान कराना चाहिए। जन्म के बाद निकलने वाला पहला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) शिशु के लिए अमृत समान होता है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है तथा दस्त, निमोनिया, खांसी, बुखार और अन्य संक्रमणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाओं को बताया गया कि मां का दूध शिशु के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सर्वोत्तम आहार है। यह आसानी से पच जाता है तथा कब्ज, गैस और पेट संबंधी समस्याओं से भी बचाव करता है। मां के दूध में सभी आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में मौजूद होते हैं, जिससे बच्चे का समुचित विकास होता है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि स्तनपान से मां और शिशु के बीच प्रेम, अपनापन और विश्वास का संबंध मजबूत होता है। साथ ही यह सुरक्षित, स्वच्छ, सदैव उपलब्ध और किफायती पोषण का सबसे अच्छा माध्यम है। अंत में सभी महिलाओं से अपने नवजात शिशुओं को पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने तथा उसके बाद पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने का आग्रह किया गया।

## गायत्री परिवार द्वारा गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार..

आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 में गायत्री शक्तिपीठ लांजी की परिव्राजक एवं आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी तहसील प्रभारी श्रीमती प्रमिला विनोद तिड़के एवं ट्रस्टी सुमन आसटकर द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरीता श्रीवास्तव से सम्पर्क कर 5 गर्भवती बहनों श्रीमती ज्योति भण्डारकर, श्रीमती पूर्णिमा भोंडेकर, श्रीमती शीतल घुले, श्रीमती आशा ठाकरे व श्रीमती रूपाली बागरे का पुंसवन संस्कार एवं 2 बहनों श्रीमती कृति यादव की पुत्री कृंधा यादव व श्रीमती रूपाली बागरे की पुत्री कु. आरती बागरे का 6 माह की आयु पूर्ण होने पर अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट ने सभी बहनों को सुखी दाम्पत्य जीवन की मंगल कामना की।

## कार्यक्रम में ये रहें मौजूद..

इस दौरान कार्यक्रम मे पार्षद प्रेमलता खोब्रागडे, सुपरवाइजर वसुंधरा घरड़ै, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता श्रीवास्तव, आशा खोब्रागडे, अनीता आमाडारे, चन्द्रकला सहारे, पुस्तकला गजभीये, आंगनवाड़ी सहायिका जागेश्वरी उपस्थित रहे. अंत मे आशा खोब्रागडे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।






# पानी की बर्बादी: खजरी के बड़े तालाब का अज्ञात लोगों ने तोड़ा रपटा..

## किसानों को आपासी में होगी परेशानी..





जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी का बड़ा तालाब इन दिनों अज्ञात लोगों द्वारा की गई कथित छेड़छाड़ के कारण चर्चा में है।***

ग्रामीणों के अनुसार तालाब का रपटा तोड़ दिया गया है तथा आपासी खोल दी गई है, जिससे बारिश का संचित पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है। इसका सीधा असर क्षेत्र के लगभग 200 एकड़ कृषि रकबे की सिंचाई पर पड़ने की आशंका है। यदि समय रहते पानी का बहाव नहीं रोका गया तो आगामी रबी सीजन में किसानों को सिंचाई संकट का सामना करना पड़ सकता है। खजरी का बड़ा तालाब वर्षों से क्षेत्र के किसानों की सिंचाई का प्रमुख आधार रहा है।

तालाब में वर्षा के दौरान संचित होने वाला पानी पूरे वर्ष कृषि कार्यों में उपयोग किया जाता है। वर्तमान में तालाब का पानी तेजी से बहने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि यह पानी खेतों तक पहुंचने के बजाय व्यर्थ निकल रहा है, जिससे आने वाले समय में फसलों के लिए जल उपलब्धता प्रभावित होगी। सबसे अहम बात यह है कि तालाब के रपटे एवं आपासी को किसने नुकसान पहुंचाया, इसकी जानकारी फिलहाल किसी के पास नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## डूब क्षेत्र सहित लगभग 70 एकड़ में फैला है तालाब..

ग्रामीणों के अनुसार तालाब का विस्तार डूब क्षेत्र सहित लगभग 70 एकड़ में है। इसके डूब क्षेत्र में करीब 50 एकड़ निजी भूमि भी शामिल है, जहां वर्षा के बाद किसान एक फसल का उत्पादन करते हैं। वहीं प्रशासनिक अभिलेखों में तालाब का मूल क्षेत्रफल 8.04 हेक्टेयर (करीब 20 एकड़) दर्ज है। यह जलाशय न केवल सिंचाई का प्रमुख स्रोत है, बल्कि आसपास के भू-जल स्तर को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण तालाब केवल सिंचाई तक सीमित नहीं होते, बल्कि वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर बढ़ाने, कुंओं और नलकूपों को रिचार्ज करने तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में तालाब का पानी समय से पहले बह जाने से खेती के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की जल व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## बोले एसडीओ रितुल नखाते..

मामला संज्ञान में आया है। तालाब के रपटे एवं आपासी को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों का पता लगाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव के साथ बैठक कर समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा, ताकि तालाब का पानी सुरक्षित रखा जा सके और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो।

# वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी एजाज डी खान. सुपुर्द ऐ खाक..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी के प्रतिष्ठित अधिवक्ता समाज सेवी एजाजुद्दीन खान उर्फबाबूजी पटेल का 4 अगस्त 2026 को करीब 12 बजे रायपुर के एक निजी अस्पताल में***

निधन हो गया वो कुछ दिनों से ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त थे जिनका रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था जंहा उन्होंने अपनी अंतिम सांसे ली। आप अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री, बहु नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोडकर अल्लाह को प्यारे हो गए। आपका अंतिम संस्कार रायपुर स्थित कब्रिस्तान में शाम 7 बजे नमाज़ ए ईशा के बाद सामाजिक रीति रिवाजों के साथ सुपुर्द ऐ खाक किया गया।

आपकी अंतिम यात्रा मे जनप्रतिनिधि, नाते रिस्तेदार, इष्ट मित्रों ने पंहुच कर अंतिम श्रद्धांजली प्रदान की. ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी लांजी बहेला के द्वारा भी बाबु जी पटेल को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



जग प्रेरणा live मंडला नैनपुर
● बिछिया ● बीजाडांडी ● घुघरी ● मवई ● मोहगांव ● नारायणगंज ● निवास

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# एम्बुलेंस में मरीज को ऑक्सीजन सप्लाई बाधित मामले में ईएमटी समेत तीन पर एफआईआर..




जगप्रेरणा मंडला।

***जिला अस्पताल रेफर किए जा रहे एक मरीज को ले जा रही 108 एम्बुलेंस में ऑक्सीजन आपूर्ति प्रभावित होने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच के बाद कोतवाली थाना मंडला में भारतीय न्याय संहिता***

(बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने बताया कि 27 जुलाई को सुनहरा माल निवासी 21 वर्षीय अजीत बरया को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय मंडला लाया जा रहा था।

इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि एम्बुलेंस में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे मरीज को परेशानी हुई। शिकायत के बाद पूरे मामले की जांच कराई गई। जांच के आधार पर 108 एम्बुलेंस सेवा की ईएमटी, जिला समन्वयक तथा 108 जननी एम्बुलेंस सेवा संचालित करने वाली संस्था के प्रोजेक्ट हेड को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय जांच समिति ने चिकित्सकों, मरीज के परिजनों और एम्बुलेंस कर्मियों के बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की थी। समिति की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। अब विवेचना के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिछिया में चला प्रशासन का बुलडोजर, बस स्टैंड और एनएच -30 के फुटपाथ हुए अतिक्रमण मुक्त

## व्यापारियों पर जुर्माना, दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी




जगप्रेरणा मंडला।

***बिछिया नगर में सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफमंगलवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड, नेशनल हाईवे-30 और अन्य प्रमुख स्थानों से अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान कई व्यापारियों पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफकड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।***

कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) संस्कार बावरिया के नेतृत्व में नगर परिषद भुआ बिछिया, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। कार्रवाई थाना परिसर के सामने, बस स्टैंड, विनोद रंगमंच के आसपास और एनएच-30 के फुटपाथों पर की गई, जहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। प्रशासन ने बताया कि फुटपाथों पर अतिक्रमण के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। नागरिकों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।

अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मार्को, थाना प्रभारी रंजीत सैयाम सहित नगर परिषद, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान बस स्टैंड परिसर में वाहन पार्किंग को व्यवस्थित करने के लिए चूना लाइन डालकर पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए और वाहन चालकों को निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें तथा नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर दोबारा अतिक्रमण या अव्यवस्थित पार्किंग मिलने पर जुर्माने के साथ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी का खुलासा

# 1.85 लाख के जेवर और नगदी बरामद, खेत गए परिवार की गैर मौजूदगी का उठाया था फायदा..






जगप्रेरणा मंडला।

***जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत अंजनिया पुलिस ने दिनदहाड़े सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी और एक विधि-विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.85 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की है।***

पुलिस के अनुसार ग्राम अमझर निवासी *संजू सैयाम* ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह परिवार सहित घर में ताला लगाकर खेत में धान की रोपाई करने गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ली। मामले में बम्हनी थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा तथा एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बम्हनी सतेंद्र रघुवंशी एवं चौकी प्रभारी अंजनिया निरीक्षक अंकित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

जांच के दौरान संदेहियों से पूछताछ की गई, जिसमें अखिलेश सैयाम और एक विधि-विरुद्ध बालक ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए सोने-चांदी के जेवर और नगदी बरामद कर ली।

**बरामद मशरूका की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 85 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी अखिलेश सैयाम को न्यायालय में पेश कर दिया गया, जबकि विधि-विरुद्ध बालक को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी निरीक्षक अंकित कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक राजेश सराठे, कृष्ण कुमार चौबे, प्रधान आरक्षक संतोष कुमार, जगदीश मरसाम, नारायण प्रसाद उइके, आरक्षक लीलामणि उर्मी, अनिल भलावी, दिनेश परस्ते और विनोद टेकाम की सराहनीय भूमिका रही।**

# मंडला जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर आप ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन




जगप्रेरणा मंडला।

***जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और जिला अस्पताल सहित सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्थाओं के विरोध में आम आदमी पार्टी ने सोमवार से जिला अस्पताल परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। दोपहर करीब 3 बजे तक बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता धरना स्थल पर डटे रहे और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।***

धरना स्थल पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि जिले के दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को समय पर इलाज, आवश्यक दवाएं और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। अस्पतालों की लचर व्यवस्था के कारण मरीजों और उनके परिजनों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल प्रभाव से सुधार करने की मांग की।

पार्टी ने प्रशासन को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जीवनरक्षक और आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, 108 एम्बुलेंस सेवा में आ रही समस्याओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा लापरवाही के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग भी रखी गई।

**पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती और स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस सुधार दिखाई नहीं देता, तब तक जिला अस्पताल परिसर में उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।**

# जनसुनवाई में 91 लोगों ने रखीं समस्याएं, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने दिए जल्द समाधान के निर्देश..




जगप्रेरणा मंडला।

***जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे 91 आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने एक-एक आवेदन की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण और न्यायोचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।***

जनसुनवाई में दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों ने राजस्व, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार करते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों के अधिकारियों से लंबित मामलों की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी कर आवेदकों को राहत दिलाई जाए। जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ शाश्वत सिंह मीना, अपर कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम सोनल सिडाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



# 17 अगस्त तक कराएं फसल बीमा, किसानों को जागरूक करने निकला प्रचार रथ

**जगप्रेरणा मंडला।** खरीफ सीजन 2026 में अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जोड़ने के लिए जिले में जागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया है। भारतीय कृषि बीमा कंपनी की ओर से मंगलवार को प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों को योजना की जानकारी देगा और फसल बीमा के लिए प्रेरित करेगा। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास अश्वनी झारिया ने जागरूकता रथ को रवाना करते हुए किसानों से समय सीमा के भीतर बीमा कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी और गैर-ऋणी दोनों प्रकार के किसान अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। ऋणी किसानों का फसल बीमा संबंधित बैंक शाखाओं के माध्यम से किया जाएगा। वहीं गैर-ऋणी किसान बैंक, प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स), कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप के जरिए आवेदन कर सकते हैं। खरीफ2026 सीजन के लिए जिले में धान (सिंचित एवं असिंचित), सोयाबीन, मक्का और मूंग को बीमा योजना में शामिल किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों से 17 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से फसल बीमा कराने की अपील की है, ताकि प्राकृतिक आपदा या प्रतिकूल मौसम से फसल नुकसान होने की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। विभाग ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान अपने निकटतम बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर या कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।




# जन विश्वास अभियान : हर शुक्रवार लगेंगे समाधान शिविर, मौके पर होगा समस्याओं का निराकरण

**जगप्रेरणा मंडला।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए अब हर शुक्रवार विकासखंड स्तर पर 'जन विश्वास अभियान' के तहत समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर शुरू हो रहे इस अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहकर नागरिकों की शिकायतों का निराकरण करेंगे और शासकीय योजनाओं की जानकारी व सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 अगस्त को मोहगांव, 14 अगस्त को मवई और 21 अगस्त को नारायणगंज विकासखंड में समाधान शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों के दौरान अधिकारी क्षेत्र भ्रमण भी करेंगे तथा विभिन्न शासकीय सेवाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक तैयारियों के साथ शिविर में उपस्थित रहें और प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। प्रशासन ने जिले के नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत करने तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विधायक संजय पुराम के जन्मदिन पर 6 और 7 अगस्त को अनेक सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के आयोजन..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संजयभाऊ पुराम के जन्मदिवस के अवसर पर सविताताई पुराम महाराष्ट्र प्रदेश महिला उपाध्यक्ष,***

बिरसा फाउंडेशन, पुराडा और मित्र परिवार के संयोजन में 6 और 7 अगस्त 2026 को अनेक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, इनमें फ्री आंखों की जांच, चश्मा वितरण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, वाचनालय का उद्‌घाटन, प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्‌घाटन, पेड़ लगाना और जन्मदिन अभिष्टचिंतन समारोह शामिल हैं।

कार्यक्रमों के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अगस्त को हरिहरभाई पटेल हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज, चिरचाळबांध में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मुफ्त नेत्र जांच शिविर के साथ ही चश्मा वितरण किया जायेगा, तथा इस दौरान स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर करेंगे। उद्‌घाटन विधानपरिषद सदस्य अविनाश ब्राह्मणकर करेंगे। इस कार्यक्रम में केशवराव मानकर, भैरसिंगभाऊ नागपुरे, सुरेशभाऊ हर्षे, विजयभाऊ शिवणकर, नरेंद्रजी वाजपेयी, एडवोकेट यशुलालजी उपराडे, योगिताताई फुंडे, सुरेंद्रजी नायडू, सुनंदाताई उके, किशोरभाऊ महारावाडे, रंजनजी गौतम, हनुमंतरावजी वट्टी, तिलकचंदजी मडावी, सरिताताई हरिनखेड़े, गीताताई शेंडे, रमेशलालभाऊ कटरे, बाबूलालजी तुरकर, ललिताताई भाजीपाले, सुभाषभाऊ पटले, बालाजी बिरसाने, लक्ष्मीनंदजी ठाकरे, खेमेंद्रजी सिंगाईत और कैलाशजी कटरे के साथ-साथ कई और बड़े लोग शामिल होंगे।

### 07 अगस्त को होंगे यह कार्यक्रम..

7 अगस्त को सुबह 11 बजे डी. फार्म (फार्मेसी) कॉलेज, रिसामा (आमगांव) में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताताई रहांगडाले (जिला अध्यक्ष, भाजपा गोंदिया) करेंगी और उद्‌घाटन वीरेंद्र अंजनकर (संगठन मंत्री, भाजपा भंडारा-गोंदिया) करेंगे। इस कार्यक्रम में केशवराव मानकर, भैरसिंगभाऊ नागपुरे, विजयभाऊ शिवणकर एवं अनेक मान्यवरों में एडव्होकेट येशुलाल उपराडे, पंकजभाऊ राहंगडाले, आफताफ शेख, नरेंद्र वाजपेयी, अनिल जोशी, अनिल बिसेन, योगिताताई फुंडे, राजूभाऊ उइके, सुरेखाताई उके, शालिकराम गुरुनुले, प्रजनताई संगीडवार, हलमंतराव बुट्टी, संदीप भाटिया, किशोरभाऊ महारवाडे, कल्पनाताई बावने, अर्चनाताई मडावी, प्राणमोहन सिंह उपराडे, रामफलताई गायकवाड़, अंबिकाताई बंजार, वैशालीताई पंधरे, ममताताई अंबादे, रितेश अग्रवाल, पिंकीताई कटकटवार, नूतनताई राघयम, महेश जैन, कौशलबाई कुंभरे, संजीवनी दवंडे, नलिनभाऊ प्रेमशाम, शकील कुरैशी, तनुजाताई भालवी, रितताई रंगारी, कमलबाई प्रेमशाम, डॉ. राजेंद्र बडोले, सुनीलभाऊ उइके, संदीपभाऊ टेकाम, प्रभाताई इंदीवार, प्रतिभाताई शिवंकर, अजयकुमार डोंगे और किशोर गवराने के साथ-साथ अलग-अलग क्षेत्रों के जाने-माने लोग मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, 7 अगस्त को सुबह 9.30 बजे पुराडा में क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा पूजन, सुबह 10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र और वाचनालय का उद्‌घाटन, सुबह 10.30 बजे पदमपुर (आमगांव) में वाचनालय का उद्‌घाटन, दोपहर 3 बजे बोरगांव (बा.) में पेड़ लगाना और शाम 4.30 बजे देवरी में विधायक संजय पुराम के जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा महिला आघाड़ी, देवरी की तरफ से जन्मदिन अभिष्ठाचिंतन समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्रीमती सविताताई पुराम, बिरसा फाउंडेशन, पुराडा और मित्र परिवार की तरफ से नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन सभी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हों और स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और दूसरे सामाजिक उपक्रम का लाभ उठाएं।




# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस के नाम कांग्रेस का पैगाम, बोले आमगांव न. प. के प्रलंबित प्रकरण का निर्णय दो..

### वरना 9 अगस्त से करेंगे आमरण अनशन..




जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव नगर परिषद से जुड़े पिछले 11 वर्षों से लंबित प्रकरण का जल्द निपटारा करने की मांग को लेकर आमगांव तालुका कांग्रेस कमेटी एवं***

आठ गांवों के नागरिकों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नाम तहसीलदार सौ, मोनिका कांबड़े, को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि आमगांव नगर परिषद का मामला पिछले 11 वर्षों से राज्य शासन के स्तर पर लंबित है। इसके कारण आमगांव सहित आठ गांवों के नागरिक नगर एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से वंचित हैं। इससे क्षेत्र के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस कमेटी ने शासन से मांग की है कि 8 अगस्त 2026 तक नगर परिषद प्रकरण का अंतिम निर्णय लेकर अधिसूचना जारी की जाए, ताकि नागरिकों को उनके अधिकार और विकास योजनाओं का लाभ मिल सके।

ज्ञापन में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय सीमा तक निर्णय नहीं लिया गया, तो 9 अगस्त 2026 से तहसील कार्यालय आमगांव के समक्ष आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री एकनाथ शिंदे तथा आमगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय पुराम को भी भेजी गई है। निवेदन सौपने वालों मे तालुका कांग्रेस के अध्यक्ष - संजय बहेकार, गोंदिया जिला कांग्रेस के महासचिव - रामसिंह चौहान, गोंदिया जिला काँग्रेस के सचिव - इसुलाल भालेकर, प्रदेश प्रतिनिधी - संपतलाल सोनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बहेकार, जिला परिवहन विभाग के अध्यक्ष- बाबा मिश्रा,तालुका अनुसूचित जाती अध्यक्ष - पिंकेश शेंडे, जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष - प्रभादेवी उपराड़े, तालुका महिला कांग्रेस अध्यक्षा - छबुताई उके, कांग्रेस नेत्री श्रीमती - सुनंदा येरणे, महेश उके, सिध्देंद्र ठाकुर, अभय ढेंगे, जगदीश चुटे, राधाकिशन चुटे, यादोराव भोयर, उमाकांत उईके, मुकिन शेख, राहुल चुटे, रितेश चुटे, योगेश कोरे, दिलीप टेंभरे, रामदास गायधने,शब्बीर शेख, दामाजी मुनेश्वर, प्रल्हाद चौधरी, मंगरु अंबुले, सुधीर टेंभुर्णे, रामेश्वर, सोनु बानक आदी का समावेश है।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा आमगांव शहर द्वारा आमदार श्री संजय पूराम के जन्मदिन के अवसर पर किये विविध सामाजिक उपक्रम..

### आमदार श्री संजय जी पुराम के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा आमगांव शहर द्वारा छात्रावास में सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के विविध कार्यक्रम आयोजित..







जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय आमदार श्री संजय जी पुराम के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता***

युवा मोर्चा, आमगांव शहर के तत्वावधान में विद्या भारती बालभाऊ देवरस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कारंजा में सेवा, संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण, छात्रावास में निवासरत बच्चों को स्कूली सामग्री का वितरण, बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था, तथा गौ-पूजन एवं गौ-ग्रास का आयोजन किया गया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आमदार श्री संजय जी पुराम ने छात्रावास के विकास एवं बच्चों के हितार्थ 11,000 रू. की राशि भेंट कर समाजसेवा एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर श्री रोहित जी अग्रवाल (जिला युवा अध्यक्ष), श्री नरेंद्र वाजपेई (जिला महामंत्री), श्री मनोज जी सोमवंशी (शहर अध्यक्ष), श्रीमती सविता संजय पुराम (राज्य महिला उपाध्यक्ष), श्री संदीप थान थराते, श्री उमेश अगासे, श्री उमेश जी रहांगडाले, श्री कमलेश चुटे, श्री सचिन अग्रवाल (व्यवस्थापक), श्री देवेश येडे, श्रीमती श्यामा मुरकुटे, श्री गौरव बैस, श्री राम चक्रवर्ती, श्री दुर्गेश गौतम, भारतीय जनता युवा मोर्चा आमगांव शहर अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता, श्री संस्कार असाटी, श्री अमन असाटी, श्री विश्वास चौहान, श्री योगेश गौतम, श्री राजू पॉलझगडे, श्री वैभव असाटी, श्री तुषार राहंगडाले, श्री श्रेयस भुजाडे, श्री विक्की श्रीभद्रे, श्री इशांत आकंत, श्री अरविंद बागड़े एवं श्री सागर छूटे सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्री देवेश जी येडे ने किया तथा आभार श्री कैलाशपुरी गोस्वामी ने व्यक्त किया।

# सालेकसा तहसील स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ शिकायत पर जिप स्वास्थ्य समिति सख्त, तीन सदस्यीय जांच समिति गठित..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा के तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वप्निल आतराम के खिलाफस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों***

की गूंज जिला परिषद स्वास्थ्य समिति की बैठक में सुनाई दी। बैठक में शिकायत पर विस्तृत चर्चा के बाद मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सभापति को सौंपे गए लिखित निवेदन में आरोप लगाया है कि तहसील स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन नहीं देते, मासिक समीक्षा बैठक आयोजित नहीं करते तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग नहीं करते। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कर्मचारियों के साथ अपमानजनक एवं असभ्य भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा उन्हें बार-बार वेतन काटने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। निवेदन में कुछ अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के शत-प्रतिशत प्रोत्साहन भत्ते के भुगतान के लिए कथित रूप से पैसों की मांग की गई तथा महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ अनुचित व्यवहार किया गया।

इन आरोपों के कारण स्वास्थ्य विभाग में असंतोष का माहौल बताया जा रहा है। जिला परिषद स्वास्थ्य समिति की बैठक में कई सदस्यों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। कुछ सदस्यों ने डॉ. आतराम को तहसील स्वास्थ्य अधिकारी के पद से हटाने का भी प्रस्ताव रखा। हालांकि विस्तृत चर्चा के बाद जिला परिषद के स्वास्थ्य सभापति एवं उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे ने निष्पक्ष जांच कराने का निर्णय लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित करने की घोषणा की। समिति का नेतृत्व सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी करेंगे, जबकि जिला कुष्ठरोग अधिकारी और जिला प्रशासन अधिकारी इसके सदस्य होंगे। समिति शुक्रवार को सालेकसा पहुंचकर शिकायतकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज करेगी तथा सभी आरोपों की जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला परिषद को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी जांच में शामिल करने की मांग..

मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के कुछ लोगों ने मांग की है कि जांच प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए जांच समिति में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विशेषकर जिला परिषद सदस्यों को भी शामिल किया जाए। उनका कहना है कि यह मामला केवल विभागीय कर्मचारियों का नहीं, बल्कि सालेकसा तहसील की स्वास्थ्य सेवाओं और आम नागरिकों के हितों से भी जुड़ा हुआ है।

अब पूरे सालेकसा तहसील के स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों की निगाहें जांच समिति की कार्रवाई और उसकी रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

## नदी के पानी मे डुबने से हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गांदिया।**

**गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/8/2026 के 11 बजे के दरम्यान डांगोर्ली मे अनिल कुंजीलाल बिसेन उम्र 50 वर्ष निवासी टिबी टोली की वैनगंगा नदी पात्र के पानी मे डुबने से मौत हुई है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 38/ 2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा बघेले 788 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।**

# जिले में 7 से 21 अगस्त तक रोक आदेश लागु..

जगप्रेरणा आमगांव।

***अपनी लंबित मांगों को लेकर जिले में अलग-अलग पार्टियां और संगठन भूख हड़ताल, धरने, मार्च, सड़क जाम, जेल भरो, आत्मदाह और हड़ताल वगैरह कर रहे हैं।***

साथ ही, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस भी मनाया जाएगा। इसलिए, जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए, अतिरिक्त जिलादंडधिकारी, गोंदिया ने मुंबई पुलिस एक्ट नंबर 22/1951 की धारा 37 (1) (3) के तहत मिली शक्तियों के तहत, अतिरिक्त जिल्हादंडधिकारी भैया साहेब बेहरे ने जिले में 7 अगस्त से 21 अगस्त 2026 तक रोक आदेश लागु कर दिया है।

इस अधिसुचनि की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ फौजदारी नियमों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### पार्किंग के विवाद पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/8/2026 के 10 बजे के दरम्यान गुजराती स्कुल के पास फर्यादी आफताब आबीद पठान निवासी कारंजा अपने दोस्त के साथ यादव मोमोज सेंटर अपनी मोटरसायकल से गये थे। वही पर आये आरोपीयो ने अपनी मोटरसायकल रोड पर पार्किंग करने पर हुवे विवाद मे फर्यादी को दुकान का स्टुल और कडे से मारपीट कर गालीगलौच की और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 448/2026 धारा 118, 2,115, 2, 189, 2, 191, 1, 2, 190, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पाऊपनी सदलगे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाये गहने मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/8/2026 को सहकार नगर तिरोडा मे महिला फर्यादी उम्र 59 वर्ष अपने मकान को ताला लगाकर अपने बेटे के यहा बाहर गाव गई थी। उसी रात अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर आलमारी मे रखे 12 नग गहु मनी किमत 20 हजार रुपये,1 जोड़ी कान के टॉप्स किमत 8 हजार रुपये, चांदी के गहने किमत 2 हजार रुपये कुल 30 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 743/2026 धारा 331,3,4,305, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जांच पोहवा नामुर्ते 1194 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### शराब के नशे मे गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान स्वरूप दिलीप बंसोड उम्र 27 वर्ष निवासी बुद्धविहार गोंदिया यह शराब के नशे मे घर के सामने गिरा सर मे गंभीर चोट लगने से उसे केटीएस अस्पताल मे भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार कर उसे नागपुर मेडीकल रेफर किया गया। जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग के कागजपत्र पोस्टे गोंदिया शहर मे प्राप्त होने से पोस्टे गोंदिया मे अकस्मात मौत क्रमांक 38/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा पुराम 443 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

# चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ककोड़ी में 35 मवेशियों को कराया गया मुक्त..

### कत्लखाने भेजने के लिए बंधक बनाने की आशंका..



जगप्रेरणा देवरी।

***कत्ल के उद्देश्य से अनधिकृत रूप से, अत्यंत क्रुरतापूर्वक और बिना चारा-पानी के जंगल में बांधकर रखे गए 35 मवेशियों को चिचगढ़ पुलिस ने***

सफलतापूर्वक मुक्त करा लिया है। यह कार्रवाई मौजा-ककोड़ी स्थित श्मशान घाट के पास झाड़ियों वाले जंगल में की गई, जहाँ से 3 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के मवेशी जब्त किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार 3 अगस्त 2026 को चिचगढ़ पुलिस थाने की टीम जब ककोड़ी बीट इलाके में गश्त कर रही थी, तभी उन्हें श्मशान घाट के पास झाड़ियों वाले जंगल में बड़ी संख्या में मवेशियों को बांधकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली। थाना प्रभारी जनार्दन हेगडकर के निर्देशों पर पुलिस टीम ने गवाहों (पंचों) के साथ मौके पर छापा मारा। वहाँ छोटे-बड़े, सफेद और लाल रंग के लगभग 35 मवेशियों को छोटी रस्सियों से बेहद दर्दनाक स्थिति में बांधकर रखा गया पाया गया। उनके लिए चारा या पानी का कोई प्रबंध नहीं किया गया था। जांच में सामने आया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने कत्ल के मकसद से इन मवेशियों को अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा था।

### 3.50 लाख का माल जब्त, अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस टीम ने सोमवार शाम लगभग 6:30 से 7:50 बजे के बीच घटनास्थल का जब्ती पंचनामा तैयार कर सभी 35 मवेशियों को जब्त कर लिया। इन मवेशियों की कुल कीमत लगभग 3,50,000 रुपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस हवलदार सुधाकर पांडुरंग शहारे की लिखित शिकायत पर चिचगढ़ पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 'पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960' (धारा 11(1)(द्व), (द्ध), (द्व) तथा 'महाराष्ट्र पशु संरक्षण अधिनियम 1976' (धारा 5-A) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह सफल कार्रवाई चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी जनार्दन हेगडकर के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार सुधाकर शहारे, राधेश्याम गाते, पुलिस आरक्षी दिलीप भिसे और चालक सहायक उपनिरीक्षक (ASI) हीरासिंग कानपुरीया की टीम द्वारा की गई। पुलिस अब इस मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।


अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■(IUI) आय.यू.आय. ■अधिक उम्र में मातृत्व ■ओव्हम डोनेशन द्वारा ■बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■शुक्राणु बैंक सुविधा ■सोनोग्राफी ■हार्मोंस की जांच ■हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज ■दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# अब गोंदिया जिला परिषद अंतर्गत शासकीय स्कूलों में विद्यार्थीयो को प्राप्त होंगे अत्याधुनिक फर्नीचर..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***इस वर्ष की सबसे बड़ी, ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय उपलब्धि यह है कि गोंदिया जिले के इतिहास में पहली बार समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से जिला परिषद स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए डेस्क-बेंच एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने हेतु 4.00 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई गई है।***

## ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यालयो को बेहतर बनाने विधायक विनोद अग्रवाल ने दिलाई 4 करोड़ की राशि से फर्नीचर निर्माण को ऐतिहासिक मंजूरी..

जिला परिषद के पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्यों, शिक्षकों, पालकों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा लंबे समय से जिला परिषद स्कूलों में डेस्क-बेंच की भारी कमी का मुद्दा लगातार उठाया जा रहा था। जिला परिषद की सामान्य सभा, विभिन्न बैठकों, ग्रामीण दौरों एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक श्री विनोद अग्रवाल से बार-बार आग्रह किया कि विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक बैठकर शिक्षा प्राप्त करने हेतु स्कूलों में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने इस जनहित के विषय को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने की मांग भी की। जिला परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों की इस सामूहिक मांग और ग्रामीण विद्यार्थियों की आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए विधायक श्री विनोद अग्रवाल ने इस विषय को केवल फर्नीचर उपलब्ध कराने का मुद्दा नहीं, बल्कि ग्रामीण विद्यार्थियों के सम्मान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान शैक्षणिक अवसरों से जुड़ा विषय मानते हुए शासन स्तर पर निरंतर एवं प्रभावी पैरवी की। उन्होंने इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री तथा दोनों उपमुख्यमंत्रियों के समक्ष रखकर गोंदिया जिले के लिए विशेष निधि की मांग की।

शासन स्तर पर इस प्रस्ताव को सकारात्मक समर्थन प्राप्त हुआ और विधायक के अथक प्रयासों के फ्लस्वरूप गोंदिया जिले के लिए पहली बार 4.00 करोड़ की स्वतंत्र फर्नीचर निधि मंजूर हुई। जिले की अनेक जिला परिषद शालाओं में वर्षों से विद्यार्थी डेस्क-बेंच के अभाव में जमीन पर अथवा अत्यंत असुविधाजनक परिस्थितियों में अध्ययन करने को विवश थे। अब इस निधि से हजारों विद्यार्थियों को आधुनिक डेस्क-बेंच उपलब्ध होंगे, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक बैठकर अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी तथा शालाओं का शिक्षण वातावरण अधिक सुव्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रेरणादायी बनेगा।

यह स्वीकृति केवल 4 करोड़ की आर्थिक मंजूरी नहीं, बल्कि जिला परिषद पदाधिकारियों एवं सदस्यों की वर्षों पुरानी मांग, ग्रामीण जनता की अपेक्षाओं, विधायक श्री विनोद अग्रवाल के प्रभावी नेतृत्व तथा शासन के सकारात्मक सहयोग का परिणाम है। इससे गोंदिया जिले के हजारों विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण एवं सम्मानजनक शिक्षण व्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी। इसी स्वीकृति के अंतर्गत 16 जिला परिषद स्कूलों में 34 नवीन कक्षाओं के निर्माण हेतु 5.27 करोड़ तथा 16 जिला परिषद स्कूलों में प्रमुख मरम्मत कार्यों के लिए 2.00 करोड़ की राशि भी मंजूर की गई है।

इससे अनेक शालाओं की वर्षों पुरानी आधारभूत समस्याओं का समाधान होगा और विद्यार्थियों को अधिक सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। विशेष उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में गोंदिया जिले की जिला परिषद स्कूलों के लिए न तो नए कक्ष निर्माण और न ही प्रमुख मरम्मत कार्यों की कोई स्वीकृति प्राप्त हुई थी। ऐसे समय में विधायक श्री विनोद अग्रवाल के निरंतर प्रयासों से एक ही वर्ष में 34 नवीन कक्ष, 16 शालाओं के प्रमुख मरम्मत कार्य तथा पहली बार`4 करोड़ का फर्नीचर स्वीकृत होना जिले के शिक्षा क्षेत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा रहा है।

# भगवान श्री झूलेलाल धाम गोंदिया में किया गया भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन..

## सांसद राजेन्द्र जैन, विधायक विनोद अग्रवाल एवं नगराध्यक्ष सचिन शेंडे रहे प्रमुख रुप से उपस्थित..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***भगवान श्री झूलेलाल चालीसा महोत्सव के पावन स्मृति में चालीस दिन तक लगातार पूजा अर्चना करके भगवान झूलेलाल जी से संसार के भले की कामना की जाती है। इस चालीसा महोत्सव के दौरान भगवान श्री झूलेलाल धाम माताटोली गोंदिया***

द्वारा भव्य रोग निदान शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया। इस शिविर का उदघाटन श्री आनंदपुर कुटिया के पूज्य बाई जी के सानिध्य में एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस के सांसद श्री राजेन्द्र जैन, भाजपा विधायक श्री विनोद अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष श्री सचिन शेंडे, पार्षद रिंकू आसवानी, श्री दरयानोमल आसवानी, श्री रोहित अग्रवाल, पार्षद लोकेश कल्लू यादव एवं शहर के प्रसिद्ध डाक्टरों में से डॉ. राजेन्द्र जैन, डॉ.विकास जैन, डॉ.लता जैन, डॉ.रोशन कानतोडे एवं साजनदास वाधवानी के शुभ हस्ते सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नव निर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन द्वारा भगवान झूलेलाल धाम की प्रशंसा की गई एवं आर्थिक सहयोग का भी आश्वासन दिया गया। इसी प्रकार नगराध्यक्ष सचिन शेंडे द्वारा भी नगर परिषद गोंदिया द्वारा आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की गई। विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा शिविर के दौरान डॉक्टर्स के सहयोग की प्रशंसा की गई। इसी प्रकार दरयानोमल आसवानी, रिंकू आसवानी, डॉ.लता जैन मैडम, डॉ.रोशन कानतोडे सर द्वारा विचार रखे गये। कार्यक्रम के अंत में पूज्य संत बाई जी द्वारा भी आशीवर्चन दिये गए।

### 562 मरीजो ने कराई जांच, 412 लोगों को मिला लाभ..

इस रोग निदान शिविर में डॉ. राजेन्द्र जैन, डॉ.विकास जैन, डॉ.निलेश जैन, डॉ.विवेक जैन, डॉ.लता जैन, डॉ.शेफली जैन, डॉ.जुली जैन, डॉ.आयुषी जैन, डॉ.अवी जैन, डॉ.राजेश खापरे, डॉ. चन्द्रशेखर राणा, डॉ.पीयुष जयसवाल, डॉ.हेमल शाह, डॉ.रितिका सोनछतत्रा, डॉ.कांचन भोयर, डॉ.रोशन कानतोडे, डॉ. आकृती निनावे, डॉ. प्राची अग्रवाल, डॉ.शितल घालवत, डॉ.मीनल दांडेकर, डॉ.सेजल साखरे, डॉ. संस्कृती कारमोरे, डॉ.खुशी तेजवानी इन सभी डाक्टरों ने अपना बहुत सहयोग दिया। सभी डाक्टरों का पूज्य बाबा गुरमुखदास सेवा समिती एवं महिला समिती, श्री साजनदास वाधवानी द्वारा सभी को मोमेंटो देकर धन्यवाद किया गया। इस रोग निदान शिविर में पिछले वर्ष 412 लोगों ने लाभ लिया। जबकी इस वर्ष 562 लोगों ने जांच करवाई। कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था सचिव योगेश मुलचंदानी,आभार संस्था अध्यक्ष मनीष वाधवानी एवं कुशल मंच संचालन डॉ.हरिश कुमार खत्री ने किया। इस शिविर में लगने वाली सभी प्रकार की दवाइयों की निःशुल्क सेवा डॉ.लता जैन, अनिल दीपक गंबानी एवं चिंटु शिवदासानी द्वारा की गई। डॉ.मनीषा मिश्रा द्वारा अनेक जांचे निःशुल्क की गई। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने भगवान श्री झूलेलाल धाम, पूज्य बाबा गुरमुखदास सेवा समिती, पूज्य बाबा गुरमुखदास महिला सेवा समिती के सभी सेवाधारियों ने अथक प्रयास किया।

## ज्येष्ठ नागरिकों के लिए आज 05 अगस्त को

# नि:शुल्क चिकित्सा एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन ब्राह्मणकर हॉस्पिटल में..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

ज्येष्ठ नागरिक सेवा संघ, गोंदिया एवं ब्राह्मणकर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूत्राशय संबंधी रोगों की जांच एवं परामर्श शिविर तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन 5 अगस्त 2026 को दोपहर 1 बजे ब्राह्मणकर हॉस्पिटल, सिविल लाइन, गोंदिया में किया जाएगा।

इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाना है। शिविर का उद्घाटन शासकीय मेडिकल कॉलेज, गोंदिया के अधिष्ठाता डॉ. कुसुमकुमार घोरपड़े के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्येष्ठ नागरिक सेवा संघ, गोंदिया के अध्यक्ष नारायणप्रसाद जर्मेवार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में किशोर भोयर, सचिव, गोंदिया जिला ज्येष्ठ नागरिक समन्वय समिति एवं सहायक आयुक्त, समाज कल्याण, गोंदिया उपस्थित रहेंगे। शिविर में ब्राह्मणकर हॉस्पिटल के मूत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. नौव्हील ब्राह्मणकर वरिष्ठ नागरिकों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं संघ के कार्याध्यक्ष एड. लखनसिंह कटरे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। ज्येष्ठ नागरिक सेवा संघ ने जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों से इस निःशुल्क चिकित्सा एवं आयुष्मान कार्ड शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं।*
*कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*



## आपात परिस्थिति में मरीज को रक्त देकर निभाया मानव धर्म..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** केटीएस मेडिकल कॉलेज, गोंदिया में ग्रामीण क्षेत्र के एक मरीज की तबीयत बिगड़ने पर उसे तत्काल भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मरीज के लिए बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता बताई। इसकी जानकारी मिलते ही रक्त मित्र विनोद (गुड्डू) चांदवानी ने अपनी नियमित रक्तदाता सूची से संपर्क किया। सूचना मिलते ही नियमित रक्तदाता मनीष पर्यानी ने बिना किसी विलंब के अस्पताल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानवता का परिचय देते हुए मरीज की सहायता की। मनीष पर्यानी के इस सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य के लिए गंगाबाई ब्लड बैंक में उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा अधीक्षक विजय बिसेन, महेंद्र देशमुख, निलेश राने एवं ब्लड बैंक के अन्य कर्मचारीगण की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्त मित्र विनोद (गुड्डू) चांदवानी ने कहा कि समय पर किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए नया जीवन साबित हो सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।

# गोंदिया शहर के अनेक युवाओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोंदिया शहर के अनेक युवाओं ने सांसद राजेंद्र जैन की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।***

सांसद प्रफुल पटेल के विकासोन्मुख नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए वैभव लदरे, सोमू लदरे, संस्कार लदरे, अंकित लदरे, जय महावत, रणजीत बैरीसाल, आशुतोष व्यास, विवेक बिरिया, दुर्गेश चिंचखेड़े, मनीष बोरकर, प्रांजल चुटेलकर, सागर जनेवार, बृजेश बैरीसाल, पिंकी लदरे, अंश माहुरे, लकी हतकया, वेदांत लदरे, अभिषेक चिमोटे, विवेक डाखा, आदि शेंद्रे, अजय सोनी, शशिकांत बैरीसाल, ऋषभ बैरीसाल, अंसू बिरिया, वैभव बिरिया, पप्पू दानवे, ओम छडीमलक, भोला राऊत, देवा कावड़े, सागर चौहान, उमेश बोरकर, लिंगराज नागज्योति, यश बैरीसाल, आशु समुद्रे, गणेश मारवाड़े सहित अनेक युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर नगरसेवक लोकेश यादव सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी से जुड़ने से गोंदिया शहर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत होगा। वहीं, नवप्रवेशी युवाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व एवं सांसद राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में गोंदिया के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

# काटी के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने उत्तीर्ण की बेल्ट परीक्षा




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया में ताइक्कांडो कलर बेल्ट के ग्रडेशन सेमिनार का आयोजन 2 अगस्त को आंबेडकर भवन मरारटोली के हाल में किया गया। सेमिनार में ताइक्कांडो प्रशिक्षण केंद्र काटी के खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें बेल्ट ग्रडेशन परीक्षा में सफल***

खिलाड़ियों में शामिल रेड बेल्ट में नंदिनी नागफासे, ब्लू बेल्ट में श्रद्धा दंदरे, व ग्रीन बेल्ट में तनवी दंदरे ने सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार येलो बेल्ट की भी परीक्षा हुई जिसमें श्रद्धा खरे, अंशु दंदरे, कुणाल जमरे, आरोही चौहान, नित्य तुरकर, आयुष हनवते, अवनी डायरे, तेजल तुरकर, परी चौधरी, कृति जमाईवार, पूर्वी भोयर, नमन खरे, आर्यन चौधरी, अनय चौधरी, होमी जमरे, निधि चौधरी, नित चौधरी, अरमान पाचे, कुणाल पाचे, पार्थ उदयपुरे, देवांश खरे, कृष्णा चौधरी, स्वाति देवाधारी, विशेष जमरे, पार्थ, तीतरमारे, महिमा तुरकर, जीविका देवाधारी, वेद कटरे, जयस नागफासे, सुथिंथ चौधरी, यहां सभी खिलाड़ियों को बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक अर्जुन पटेल मुख्य प्रशिक्षक ओमकार नागफासे दीपक आमरे प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन किया। खिलाड़ियों को बेल्ट ग्रडेशन में सफलता पर उनके माता-पिता, प्रशिक्षक ओमकार नागफास, विशाल जमरे एवं समस्त ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com